भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 253 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 07 सितम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए "क्रियायोग अभ्यास करें" सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप ''अहंब्रह्मास्मि'' की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान

प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

# ओवल मैदान पर 50 साल बाद हासिल की जीत

## टीम इंडिया ने तोड़ा अंग्रेजों का गुरूर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल के मैदान पर खेले गए चौथे टेस्ट मैच में टीम इंडिया ने मेहमान टीम को 157 रनों से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2.1 की बढत भी हासिल कर ली है। भारत द्वारा दिए गए 368 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लिश टीम दूसरी इनिंग में 210 रन बनाकर ऑलआउट हुई। भारतीय गेंदबाजों ने दूसरी पारी में गेंद से कहर बरपाया और इंग्लैंड के बल्लेबाजों को घुटने टेकने पर मजबूर किया। मैच में भारत की ओर से उमेश यादव ने सबसे ज्यादा 6 विकेट अपने नाम किए। वहींए टीम इंडिया की इस जीत के असली हीरो रहे शार्दुल ठाकुरए जिन्होंने दोनों पारियों में अर्धशतक लगाने के साथ.साथ तीन बड़े विकेट भी चटकाए। टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज रोरी बर्न्स और हसीब हमीद ने अच्छी शुरुआत को जारी रखा और टीम के स्कोर को 100 के पार पहुंचाया। बर्न्स ने इस दौरान अपना अर्धशतक भी पूरा किया। हालांकिए इसके तुरंत बाद बल्ले से धमाल मचाने वाले शार्दुल ठाकुर ने इंग्लिश सलामी बल्लेबाज की पारी का अंत किया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे डेविड मलान ;5द्ध ने हमीद के साथ साझेदारी जमाने की कोशिश कीए लेकिन तालमेल में हुई गड़बड़ के चलते वह अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद दूसरे सेशन की शुरुआत कप्तान जो रूट ने रिवर्स स्विप पर चौका लगाकर कीए लेकिन अगले ही ओवर में रविंद्र जडेजा ने हसीब हमीद ;63द्ध की शानदार पारी का खात्मा कर दिया। हमीद के आउट होने के स्कोर बोर्ड में अभी पांच ही रन जुड़े थे कि जसप्रीत बुमराह ने अपनी जबरदस्त गेंद पर ओली पोप ;2द्ध को चलता कर दिया। इस विकेट के साथ ही टीम इंडिया के तेज गेंदबाज ने टेस्ट क्रिकेट में अपने 100 विकेट भी पूरे किए। बुमराह ने पोप के आउट होने के बाद क्रीज पर उतरे जॉनी बेयरस्टो को खाता खोलने तक का मौका नहीं दिया और शानदार यॉर्कर पर उनकी गिल्लियां बिखर दी।

## पश्चिम बंगाल उपचुनाव : ममता के खिलाफ कांग्रेस उम्मीदवार उतारेगी या नहीं, अधीर रंजन के बयान ने बढ़ाई मिस्ट्री

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में उपचुनाव की घोषणा हो चुकी है। यहां भवानीपुर सीट से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनाव लड़ने वाली हैं। 30 सितंबर को यहां पर वोट डाले जाएंगे। इस चुनाव में कांग्रेस ममता बनर्जी के खिलाप उम्मीदवार उतारेगी या नहींए इस पर मिस्ट्री और बढ़ गई है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस उपचुनाव में ममता बनर्जी के खिलाफ उम्मीदवार उतारने पर दोबारा विचार करेगी। उन्होंने कहा कि इस बारे में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी आखिरी फैसला लेगी। बता दें कि इससे पहले अधीर रंजन चौधरी कह चुके हैं कि कर्टसी के तौर पर कांग्रेस को ममता बनर्जी के खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतारना चाहिए। हालांकि अब उन्होंने कहा है कि यह उनका निजी विचार था। गौरतलब है कि चार सितंबर को चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में उपचुनाव की घोषणा की। इसमें भवानीपुरए समसेरगंज और जांगीपुर विधानसभा सीट पर वोट डाले जाने हैं। 30 सितंबर को यहां पर वोट डाले जाएंगे और 3 अक्टूबर को वोटों की गिनती होगी।

## ऐसे लोगों को 4 सप्ताह में ही लगे कोविशील्ड की दूसरी डोजए हाई कोर्ट का केंद्र सरकार को आदेश



**कोच्चि (एजेंसी)।** केरल हाई कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया है कि जो लोग कोविशील्ड टीके की पहली खुराक के बादए वर्तमान में सुझाए गए 84 दिनों के अंतराल से पहले दूसरी खुराक लेना चाहते हैंए उनके लिए पहली खुराक लेने के चार सप्ताह बाद को.विन पोर्टल पर दूसरी खुराक का समय लेने की अनुमति दी जाए।

जस्टिस पी बी सुरेश कुमार ने कहा कि यदि केंद्र और राज्य सरकारें विदेश यात्रा करने वाले व्यक्तियों को कोविड.19 से जल्दी और बेहतर सुरक्षा के बीच चयन करने की अनुमति दे सकती हैंए तो कोई कारण नहीं है कि समान विशेषाधिकार यहां उन लोगों को नहीं दिया जा सकता है जो अपने रोजगार या शिक्षा के संबंध में जल्द सुरक्षा चाहते हैं। सोमवार को उपलब्ध कराए गए अपने तीन सितंबर के आदेश में हाई कोर्ट ने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की नीति के अनुसार भी लोगों के पास जल्दी टीकाकरण कराने का विकल्प हैए जिसके कार्यान्वयन के लिए निजी अस्पतालों के माध्यम से भी भुगतान के आधार पर टीका वितरित किया जा रहा है। अदालत ने कहा कि चौथे प्रतिवादी, केंद्रद्ध को को.विन पोर्टल में तुरंत आवश्यक प्रावधान करने का निर्देश दिया जाता हैए ताकि लोग शुरुआती प्रोटोकॉल के अनुसार पहली खुराक के चार सप्ताह के बाद कोविशील्ड टीके की दूसरी खुराक का समय ले सकें।

अदालत ने काइटेक्स गारमेंट्स लिमिटेड की याचिका को स्वीकार करते हुए यह निर्देश दिएए जिसमें 84 दिनों तक इंतजार किए बिना अपने कर्मचारियों को कोविशील्ड टीके की दूसरी खुराक देने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। कंपनी ने अपनी याचिका में कहा कि वह पहले ही अपने 5ए000 से अधिक कामगारों को टीके की पहली खुराक लगवा चुकी है और उसने लगभग 93 लाख रुपए की लागत से दूसरी खुराक की व्यवस्था भी की हैए लेकिन मौजूदा प्रतिबंधों के कारण इसे कामगारों को लगवाने में वह असमर्थ है।

## चुनाव के बाद हिंसा के मामले में एक्टिव सीबीआई, हावड़ा से 6 लोगों को हिरासत में लिया



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा के मामले में सीबीआई ने 6 लोगों को हिरासत में लिया है। केंद्रीय एजेंसी ने सोमवार को हावड़ा से 6 लोगों को रिहासत में लिया गया। इन सभी पर चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान विभिन्न आपराधिक घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई अधिकारियों की टीम सोमवार को सुबह हावड़ा पहुंची और सभी छह लोगों को डोमजुर इलाके से हिरासत में लिया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के उपरांत हुई हिंसा के मामले में 34 प्राथमिकी अब तक दर्ज की हैं और तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो लोगों को नदिया जिले से और एक उत्तर 24 परगना जिले से गिरफ्तार किया गया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 19 अगस्त को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ;एनएचआरसीद्ध की मामले में तैयार रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए चुनाव के बाद कथित दुष्कर्म और हत्या की घटनाओं की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया था। पश्चिम बंगाल सरकार ने अदालत की निगरानी में मामलों की सीबीआई जांच कराने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। यही नहीं ममता बनर्जी सरकार ने इससे पहले मानवाधिकार आयोग की जांच का भी विरोध किया थाए लेकिन अदालत में उसे मुंह की खानी पड़ी थी।बीजेपी के अलावा हाल ही में कांग्रेस ने भी ममता बनर्जी सरकार पर चुनाव के बाद हिंसा का आरोप लगाया था। बीजेपी ने तो चुनाव के बाद कई कार्यकर्ताओं की हत्याए महिलाओं से रेप और घरों में आगजनी जैसे तमाम आरोप लगाए थे। यही नहीं होम मिनिस्ट्री से मुलाकात करके भी बीजेपी के कई नेताओं ने जांच की मांग की थी।

## मन में राक्षस हो तो कहां मिलेंगे भगवान, भाजपा के भजन-कीर्तन और हंगामे पर सीएम हेमंत सोरेन का हमला

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड विधानसभा में नमाज के लिए कमरा आवंटित होने के बाद बीजेपी के भजन.कीर्तन और हंगामे को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नाराजगी प्रकट करते हमला बोला। सोरेन ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि मन में यदि राक्षस हो तो भगवान कहां मिलेंगे। सोरेन ने विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मन में अगर आस्था हो तो भगवान सब जगह हैए लेकिन मन में अगर राक्षस हो तो सब जगह दुश्मन ही दुश्मन है। मुख्यमंत्री ने विपक्षी विधायकों के हंगामे को दुभार्ग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि ऐसी मानसिकता की वजह से राज्य के विकास को अपेक्षित गति नहीं मिल पा रही है। यह साबित हो गया है कि विपक्ष मुद्दाविहीन है। आज उनके हंगामे की वजह से सदन में मुख्यमंत्री प्रश्नकाल भी नहीं हो पाया। सदस्यों के पास सीधे मुझसे सवाल पूछने और जवाब पाने का अवसर थाए लेकिन मुद्दाहीनता के बीच यह मौका उन्होंने गंवा दिया। सोरेन ने सदन के बाहर भाजपा सदस्यों के भजन.कीर्तन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि उनके मन में आस्था नहीं हैए वे दिखावा कर रहे हैंण् मन में राक्षस बैठा हो तो फिर ऐसे ही हालात पैदा किये जायेंगे।



## ऑल इंडिया कोटे की मेडिकल और डेंटल सीटों में आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल और डेंटल कोर्स के लिए अखिल भारतीय कोटे में ओबीसी ;व्ठब्द्ध के लिए 27 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ;म्ॅैद्ध के लिए 10 फीसदी आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस भेजा है। केंद्र को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करना होगा।

कोर्ट ने यह नोटिस 27 डॉक्टरों द्वारा दायर दो अलग.अलग याचिकाओं को लेकर भेजा हैए जिन्होंने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ;एमसीसीद्ध की ओर से जारी 29 जुलाई की केंद्रीय अधिसूचना को कानून में गड़बड़ी और मनमाना बताया है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं अरविंद दातार और विकास सिंह की दलीलों में कहा गया है कि नई आरक्षण नीति के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1992 के इंद्रा साहनी के ऐतिहासिक फैसले में तय की गई 50 फीसदी की सीमा से अधिक हो जाएगा। बाद में सुप्रीम कोर्ट के बाद के फैसलों में 50 प्रतिशत की सीमा को बरकरार रखा गया था। तब सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य में प्रवेश और नौकरियों में मराठा कोटा शुरू करने के फैसले को खारिज कर दिया था।



याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वर्तमान शैक्षणिक वर्ष के लिए ;29 जुलाई काद्ध नोटिस उन लाखों छात्रों के भविष्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाएगाए जिन्हें उक्त आरक्षण नीति की जानकारी नहीं थी। जबकि उन्होंने इस साल फरवरी में परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था।

बता दें कि पीजी मेडिकल.डेंटल कोर्स के लिए कॉमन एंट्रेंस 11 सितंबर को होना है। जस्टिस धनंजय वाई चंद्रचूड़ए विक्रम नाथ और हेमा कोहली की पीठ ने महसूस किया कि इस मामले पर विचार करने की आवश्यकता है और एमसीसीए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है। बता दें कि पहले से ही एआईक्यू सीटों के तहत अनुसूचित जाति ;15 प्रतिशतद्ध और अनुसूचित जनजाति ;7ण्5 प्रतिशतद्ध के लिए आरक्षण है।

## हंगामे और हर-हर महादेव के नारे के बीच झारखंड विधानसभा में 4684.93 करोड़ रुपये का प्रथम अनुपूरक बजट पेश

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को विपक्षी सदस्यों के शोर.शराबे और हंगामे के बीच वित्तमंत्री डॉ0 रामेश्वर उरांव ने चालू वित्तीय वर्ष 2021.22 के लिए 4684ण्93 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया। वहीं भाजपा सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकालए मुख्यमंत्री प्रश्नकालए शून्यकाल और ध्यानाकर्षण सूचना की कार्यवाही बाधित रही। हालांकि दो अल्पसूचित प्रश्नों पर सरकार की ओर से सदन में उत्तर दिया गयाए लेकिन शोरगुल के कारण कुछ सुना नहीं जा सका। विधानसभा की कार्यवाही सोमवार को पूवार्ह 11 बजे शुरू होने के साथ ही मुख्य विपक्षी दल भाजपा के कई सदस्य हर.हर महादेव का नारा लगाने लगे। भाजपा के कई सदस्य नारेबाजी करते हुए वेल में भी पहुंच गये और कार्यस्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराने की मांग को लेकर शोर.शराबा करने लगे। जिसके कारण विधानसभा अध्यक्ष ने सभा की कार्यवाही को अपराह्न 12ण्45 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। सभा की कार्यवाही पुनरू शुरू होने के बाद संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने विगत 3 सितंबर को हुई कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार आज भोजनावकाश के बाद महंगाई और उससे उत्पन्न स्थिति पर विशेष वाद.विवाद का प्रस्ताव रखाए जिसपर भाजपा सदस्यों के शोर.शराबे के बीच सहमति प्रदान कर दी गयी। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच वित्तमंत्री डॉ0 उरांव ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए 4684ण्93करोड़ रुपये के अनुपूरक बजट को पेश किया। जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सभा की कार्यवाही को भोजनावकाश के लिए दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## 11 दिन में तीसरी बार एक करोड़ पार, वैक्सीनेशन में भारत का नया रिकॉर्ड

### अब तक कुल 69.68 करोड़ को लगा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने सोमवार को कोरोना वैक्सीनेशन के मामले में एक बार फिर नया रिकॉर्ड बना दिया। इस दिन एक बार फिर भारत में एक करोड़ लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। इस तरह पिछले 11 दिन के अंदर यह तीसरी बार है जब भारत में एक दिन में एक करोड़ से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन किया गया है। सोमवार को भारत में अंतिम अपडेट मिलने तक 10ए576ए296 लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया था। सोमवार को इस जादुई आंकड़े को छूने के साथ ही भारत में अब तक 69ण्72 लोगों को कोरोना का टीका लगाया जा चुका है। इनमें से 53ण्43 करोड़ लोगों को कम से एक डोज लग चुकी है। वहीं 16ण्29 करोड़ लोग कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज ले चुके हैं। भारत ने वैक्सीनेशन में पहली बार एक करोड़ डोज का आंकड़ा 27 अगस्त को पार किया था। इस दिन 10ए064ए032 ने कोरोना का टीका लगवाया था। वहीं 31 अगस्त को 1ण्09 करोड़ के आंकड़े के साथ भारत दूसरी बार यह रिकॉर्ड बनाने में सफल हुआ था। वहीं स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने इस उपलब्धि पर ट्वीट करते हुए लिखा कि सितंबर की शुरुआत बहुत ही शानदार ढंग से हुई। भारत में एक बार फिर एक करोड़ से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगाई गई। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वैक्सीनेशन ड्राइव की तारीफ की। उन्होंने अपने ट्वीट में भारतीय टीम की इंग्लैंड में मिली जीत और वैक्सीनेशन की उपलब्धि को जोड़ते हुए कहा कि चाहे क्रिकेट हो या वैक्सीनेशनए भारत हमेशा जीतेगा।

## करनाल में फिर होगी महाभारत, किसानों की पंचायत से पहले इंटरनेट बंद, डीएम ने दी चेतावनी

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा सरकार ने 28 अगस्त के पुलिस लाठीचार्ज को लेकर किसानों की महापंचायत और मिनी सचिवालय के घेराव की योजना के एक दिन पहले सोशल मीडिया के जरिए षालत सूचना और अफवाहों के प्रसार पर काबू के लिए करनाल जिले में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को निलंबित करने का सोमवार को आदेश दिया। आदेश के अनुसारए करनाल जिले में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं सोमवार दोपहर 12रू30 बजे से लेकर मंगलवार मध्यरात्रि तक बंद रहेंगी। करनाल के डीएम ने कहा कि वो किसानों को हाईवे और मिनी सचिवालय का घेराव नहीं करने देंगे। किसानों पर 28 अगस्त को हुए पुलिस लाठीचार्ज के खिलाफ करनाल में मंगलवार को श्लघु सचिवालय का घेराव करने के कार्यक्रम से एक दिन पहले प्रशासन ने जिले में सोमवार को लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया।

## निपाह वायरस : बच्चे के संपर्क में आए कुछ और लोगों की पहचान, 11 में मिले लक्षण

**कोझिको (एजेंसी)।** केरल के स्वास्थ्य विभाग ने 251 व्यक्तियों की पहचान की हैए जो निपाह वायरस के संक्रमण से जान गंवाने वाले 12 वर्षीय लड़के के संपर्क में आए थे। इनमें से 38 लोग कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आइसोलेशन में हैं और 11 लोगों में लक्षण नजर आए हैं। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने सोमवार को यह बात कही।



स्वास्थ्य मंत्री ने सोमवार को बताया कि संपर्क में आए 251 लोगों में 129 स्वास्थ्यकर्मी हैं। उन्होंने बतायाए कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 38 लोग आइसोलेशन हैंए जिनमें से 11 लोगों में संक्रमण के लक्षण दिखे हैं। आठ लोगों के नमूने राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान ;एनआईवीद्धए पुणे भेजे गए हैं।संक्रमण के लक्षण वाले सभी लोगों की हालत स्थिर है। संपर्क में आए 251 लोगों में 54 अत्यंत जोखिम वाली श्रेणी में हैं और इनमें से 30 स्वास्थ्यकर्मी हैं। इनमें से बच्चे के अभिभावक समेत कुछ रिश्तेदार भी हैं। जॉर्ज ने कहा एनआईवीए पुणे की टीम ने यहां मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में एक विशेष प्रयोगशाला स्थापित की है। इसमें सोमवार रात से नमूनों की जांच की जाएगी। चिकित्सा विशेषज्ञों की एक टीम ने बच्चे के घर और आसपास के इलाके का निरीक्षण भी किया। पशुपालन विभाग की एक टीम ने भी इलाके में जांच की। मंत्री ने कहाए बच्चे के परिवार की दो बकरियों के खून और सीरम के नमूनों की भी भोपाल के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान में जांच करायी जाएगी। जॉर्ज ने बताया कि कोझिकोड तालुक में कोविड.19 टीकाकरण अभियान अगले 48 घंटों के लिए रोक दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### नकब लगा उठा ले गए आभूषण और गृहस्थी का सामान

**घूरपुर।** इलाके के चौकठा गांव में एक मजदूर के घर में नकब लगा घुसे चोरों ने आभूषण सहित गृहस्थी का सारा सामान उठा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल की। चौकठा गांव निवासी श्याम पुत्र बनवारी लाल मजदूर है। रोजाना की तरह रविवार की रात भी भोजन कर परिवार सहित आगे के कमरे में सो गए। आधी रात चोरों ने नकब कर कमरे में घुस हजारों के आभूषण और गृहस्थी के किमती सामान उठा ले गए।

### निधन पर शोक की लहर

**करछना।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के संस्थापक श्री भगवान प्रसाद उपाध्याय के छोटे भाई एवं पवन प्रभात के संपादक श्री पवनेश कुमार उपाध्याय के चाचा श्री अश्वनी कुमार उपाध्याय जिन्हें लोग प्यार से मुल्लाजी भी कहते थे का निधन हो गया आप अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार भी रहे एवं भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ से संबद्ध कई पत्र-पत्रिकाओं में आपके लेख प्रकाशित हुए वर्तमान में पवन प्रभात के उप संपादक थे आपके असमय निधन पर पत्रकार समाजसेवीयो ,साहित्यकारों में शोक की लहर व्याप्त है। शोक संवेदना वयक्त करने वालों में पत्रकार संतोष यादव, मुदित प्रताप सिंह, योगेश बिहारी सिंह, आजाद सिंह आदि रहे।

# प्रमुख सचिव ने जनवा के कान्हा गौशाला का किया मुआयना

## गाय के गोबर से बनाएं गमला, कार्य योजना बनाने का निर्देश

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** प्रमुख सचिव/नोडल अधिकारी ने शंकरगढ़ के जनवा में कान्हा गौशाला, बक्शी बांध के पास निमार्णाधीन पानी की टंकी तथा पराग डेयरी प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी मातहत अफसरों को दिया।

प्रमुख सचिव, दुग्ध विकास, मत्स्य, समन्वय तथा पशुपालन विभाग/नोडल अधिकारी प्रयागराज सुधीर गर्ग रविवार को जनपद में थे। यहां उन्होंने यमुनापार के शंकरगढ़ के जनवा में स्थापित कान्हा गौशाला, बक्शी बांध के पास निमार्णाधीन पानी की टंकी तथा बमरौली के पास स्थित पराग डेरी प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने कान्हा गौशाला जनवा में पहुंचकर निराश्रित गौवंशों के टीकाकरण, चारा, पीने के पानी, प्रकाश एवं निराश्रित गौवंशों के रख-रखाव की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की।

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने बताया कि कान्हा गौशाला में रह रहे निराश्रित गौवंशों का टीकाकरण करा लिया गया है। चारा, भूसा का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। नोडल अधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा धिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कान्हा गौशाला में निराश्रित गौवंशों के गोबर से गमले का निर्माण किये जाने की कार्य योजना बनायें। उन्होंने कहा कि गोबर के गमले से पर्यावरण शुद्ध रहेगा तथा गौशाला को इससे आय भी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि गोबर के गमले शहर में स्थापित नर्सरियों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था के संबंध में भी कार्य योजना में शामिल किये जाने के लिए कहा है। उन्होंने निराश्रित गोवंशों के गोबर से गोबर गैस प्लांट स्थापित करने तथा उससे बिजली की उत्पादकता की कार्ययोजना भी बनाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि इससे गौशाला में विद्युत की निर्भरता कम होगी और स्वयं के द्वारा निर्मित विद्युत का उपयोग कर सकेंगे।



शंकरगढ़ के जनवा में कान्हा गौशाला, बक्शी बांध के पास निर्माणाधीन पानी की टंकी व पराग डेयरी प्लांट का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव

नोडल अधिकारी ने कहा कि स्थानीय लोगों को भी इस बात के लिए प्रेरित किया जाये कि वे कान्हा गौशाला से गोबर की खाद ले जाये और उसके बदले में हरा चारा गौवंशों के लिए दें। उन्होंने खाली जमीन पर वृक्षारोपण एवं चारागाह विकसित करने के लिए कहा है। इसके उपरांत नोडल अधिकारी ने बमरौली के पास स्थिति पराग डेरी प्लांट का भी निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने पराग डेरी प्लांट के जनरल मैनेजर से डेरी प्लांट के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि प्रतिदिन कितने लीटर दूध इक्ठा होता है। इस पर उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में लगभग प्रतिदिन 12 हजार लीटर दूध एकत्रित किया जाता है। नोडल अधिकारी ने जनरल मैनेजर को और अधिक मात्रा में दूध का कलेक्शन करने के लिए कहा है, साथ ही साथ उन्होंने उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा है। इसी क्रम में नोडल अधिकारी ने बक्शी बांध के पास निमार्णाधीन पानी की टंकी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने टंकी के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये है। इस अवसर सीडीओ शिपू गिरि, नगर आयुक्त रवि रंजन, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी आरपी राय सहित अन्य अफसर मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला की मौत एक घायल

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के नागनाथ पुर प्रयाग ढाबा हाईवे के पास सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई वही बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सेवइत थाना सोरांव निवासी उमेश कुमार पुत्र राजाराम अपनी दादी विमला देवी को लेकर कहीं रिश्तेदारी में गया था और रिस्सेदारी से रविवार शाम लगभग 7:30 बजे के करीब अपने घर के लिए जा रहा था। जैसे ही उतराव थाना क्षेत्र के नाग नाथपुर प्रयाग ढाबा के पास पहुंचा ही था कि एक मवेशी से मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई वही टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जहां महिला वृद्ध विमला देवी उम्र 63 वर्ष पत्नी रामा यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वही बाइक चालक उमेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए मृतक वृद्ध का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वही बेटे बहु समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## ट्रक की टक्कर से वैन सवार दर्जन भर लोग जख्मी

### टीकमगढ़ से अस्थि विसर्जन के लिये जा रहे थे प्रयागराज



ईलाज के लिए ले जाये जाते सभी घायल

**शंकरगढ।** टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश) से अस्थि विसर्जन करने के लिए प्रयागराज आ रहे लोग सडक हादसे का शिकार हो गए। इस हादसे में 11 लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक की हालत नाजुक बनी हुई है। यह हादसा शंकरगढ़ थाना (उत्तर प्रदेश) के गाढ़ा कटरा के समीप ट्रक की टक्कर लगने से हुआ। सभी घायलों को सीएचसी शंकरगढ़ ले जाया गया है। टीकमगढ़ जनपद (मध्य प्रदेश) के लेडियारी, बलदेवगढ़ निवासी बृजलाल की मां का देहांत होगया था। वह अपनी मां की अस्थियां लेकर प्रयागराज आ रहा था। उसके साथ वैन में रिश्तेदार व परिवार के कुल 11 लोग सवार थे। जैसे ही बृजलाल वैन सहित शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के गाढ़ा कटरा के समीप पहुंचा था, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। रफ्तार में रहे ट्रक की टक्कर लगने से वैन अनियंत्रित हो गई और पलट गई। इस हादसे में वैन (एमपी15-बीए-3632) सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए सभी को सीएचसी शंकरगढ़ पहुंचवाया। इस हादसे में काशी राम रजक, वंदना, कुसुम रजक, रेश्मा, कोमल, अजय, नंद किशोर, बृजलाल, रामदास आदि को मामूली चोटें आई हैं। जबकि ताराबाई के गले की हड्डी टूट गई है। इसके अलावा कई अन्य स्थानों पर चोट है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे एसआरएन के लिए रेफर कर दिया गया है।

# जिला अपराध निरोधक समिति ने न्यायमूर्ति संग 51 शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया सम्मानित





जिला अपराध निरोधक समिति के संरक्षक न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा को सम्मानित करते व शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिला अपराध निरोधक समिति के संरक्षक न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा को सम्मानित किया गया है। न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा को विधि विरुद्ध क्रिया कलाप (निवारण) का चेयरमैन बनाए जाने पर अपराध निरोधक समिति ने एक समारोह का आयोजन किया। आर्य कन्या इंटर कालेज में आयोजित इस कार्यक्रम में समिति ने अपने संरक्षक को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में शिक्षक व शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में समिति के संरक्षक व अन्य अतिथियों ने संरक्षक न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा को विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) प्राधिकरण का चेयरमैन बनाए जाने पर बधाई दी और उनकी निष्पक्ष कार्यप्रणाली की सराहना की। इसके अलावा प्राथमिक, माध्यमिक और डिग्री कालेज के 51 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का भी मान बढ़ाया गया। समारोह में प्रोफेसर हर्ष कुमार (इविवि), प्रो. पंकज कुमार, पंकज जायसवाल, रिटायर्ड आईएएस आरएस वर्मा, जिला अपराध निरोधक समिति के सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, अशोक सिंह, कुलदीप धर, विशाल श्रीवास्तव, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह, लक्ष्मीकांत मिश्र, सतीश मिश्रा, मोतीलाल सिंह, संदीप सोनी, आलोक गुप्ता, कक्कड़, सूरी के अलावा केंद्रीय व वार्ड पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षक दिवस पर सम्मानित हुई प्रधानाचार्या अलका विश्वकर्मा

**घूरपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपद प्रयागराज प्रयागराज के सीएवी इंटर कॉलेज में शिक्षा की दिशा मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाचार्यों सम्मान समारोह के आयोजन मे करमा के बलापुर मे स्थित श्रीमती कमला स्मारक इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती अलका विश्वकर्मा को पूर्व कुलपति डॉ पीयूष रंजन अग्रवाल एवम विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी, उत्तर प्रदेश बोर्ड के सचिव दिव्य कांत शुक्ला, प्रयागराज के जिला विद्यालय निरीक्षक आर एन विश्वकर्मा, द्वितीय जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र शर्मा जी के द्वारा सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ। जिसकी सूचना पर आज कमला स्मारक इंटर कालेज सहित क्षेत्र के अन्य कालेजों के शिक्षको ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी।



पूर्व कुलपति डॉ पीयूष रंजन जिविनि सम्मानित करते

## बिना गुरु के व्यक्तित्व का विकास असम्भव : सुनील पटेल

**घूरपुर।** शिक्षक ही एक ऐसा माध्यम हैं जो मानव उसके व्यक्तित्व मे निखार लाने के साथ ही एक काबिल एवम बेहतर इंसान बनाता हैं। शिक्षक के बताये रास्ते पर चलने वाले विद्यार्थी अनुशासित होने के साथ ही अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त करते सकते हैं। उक्त बातें गौहनिया क्षेत्र के दसई बंधवा मे स्थित श्री राज नारायण सिंह पटेल स्कूल एंड कालेज मे आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप किसान मोर्चा काशी क्षेत्र के महामंत्री सुनील पटेल ने विद्यार्थियों के सम्बोधन मे कही इस अवसर पर उन्होंने यह डा. राधा कृष्णन सर्वपल्ली जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ ही उनके पदचिन्हो पर चलने के लिए भी प्रेरित किये। साथ ही शिक्षकों को सम्मानित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें संस्थान के प्रबंधक महेंद्र प्रताप सिंह पटेल ने विद्यार्थियों कों अनुशासन, व्यायाम, पर्यावरण संरक्षण इत्यादि के सामाजिक विषयों की जानकारी के साथ महापुरुषों के जीवन से सीख लेकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए भी प्रेरित किये। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक सिंह पटेल एवम आभार आकाश पटेल ने किया। उक्त अवसर पर क्रोटन, आम, कदम्ब आदि पौधे भी रोपे गए। इस अवसर परइस अवसर पर आकाश कुमार पटेल, प्रभात प्रजापति, नीरज निषाद, दीपक पाल, राजेश सोनकर, वंदना त्रिपाठी,गल्फशा, शिल्पी कनौजिया सहित छात्र एवम छात्रायें मौजूद रहें ।



शिक्षक दिवस पर पौधरोपण करते

# घूरपुर में बदमाशों ने चलती ट्रेन से युवक को नीचे फेंका, गंभीर रूप से घायल

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** घूरपुर में बदमाशो ने चलती ट्रेन से एक युवक को नीचे फेंक दिया। लहुलुहान हालत में देख आस पास के लोगों ने उसे थाना लेकर पहुंचे तो पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। इलाके के राधा कृष्णनन इंटर कालेज के पीछे मुंबई रेल मार्ग के ट्रैक के बगल झाड़ी के पास सोमवार की सुबह कुछ लोगो ने एक 35 वर्षीय लहुलुहान युवक को पड़ा देख उसे थाना लेकर पहुंचे तो पुलिस की सूचना पर 108 एंबुलेंस के ईएमटी महेंद्र पाल ने घायल युवक को इलाज के लिए जसरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देख चिकित्सको ने एसआरएन के लिए रिफर कर दिया। जहां उसे भर्ती कराया गया। घायल और बेहोशी हालत मे युवक ने अपना नाम रमेश मेहता बिहार बताया। आशंका है कि ट्रेन में युवक को लूटने के बाद बदमाशो ने युवक को लूट चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिए। मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।



घायल युवक को इलाज के लिए ले जाते

## फर्जी मोहर व हस्ताक्षर की शिकायत मिलने पर प्रधान ने दिया तहरीर

**मेजा।** ग्राम प्रधान का फर्जी हस्ताक्षर एवं मोहर लगाकर झूठी शिकायत करने वाले कथित व्यक्ति के विरूद्ध केस दर्ज किये जाने हेतु प्रधान द्वारा एसडीएम मेजा को तहरीर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। उल्लेखनीय है कि मेजा विकास खण्ड के मेड़रा गॉव के नवनिर्वाचित प्रधान रामधारी बिन्द उर्फ कल्लू ने बीते शनिवार को समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रही एसडीएम मेजा रेनू सिंह को दी गई शिकायत में इस बात का स्पष्ट जिक्र करते हुए लिखा है कि उनके गॉव का ही निवासी हरी शंकर पटेल पुत्र सत्य नारायण द्वारा वर्तमान प्रधान का फर्जी मोहर एवं हस्ताक्षर बनाकर अवैध खनन के बावत वन विभाग मेजा एवं अन्य विभागों को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया है। बता दें कि जब इस बात की जानकारी प्रधान मेड़रा को हुई तो उन्होनें आनन-फानन तहरीर देकर एफआईआर दर्ज किये जाने की गुहार लगाते हुए एसडीएम मेजा को तहरीर दिया जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीएम ने मेजा थाने में केस दर्ज किये जाने का निर्देश दिया है।

## सोरांव यूथ क्लब मेजा के पदाधिकारियों का हुआ गठन

अखंड भारत संदेश

**मेजारोड।** विकास खंड उरूवा के अंतर्गत स्थित गांव सोरांव पॉती में डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए) प्रयागराज से संबद्ध व पंजीकृत इकाई सोरांव यूथ कल्ब मेज के पदाधिकारियों व कार्यकारी सदस्यो की चुनाव कार्यवाही सोमवार 6 सितंबर को गांव सोरांव स्थित ह्यह्यक्षेत्रीय वालीबाल स्टेडियम में संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्म्पति से निर्विरोध रूप से आगामी कार्यकाल हेतु नए पदाधिकारी चुने गए। उल्लेखनीय है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरांन ग्राम प्रधान सोरांव राजेश द्विवेदी को संरक्षक संतोष कुमार उर्फ बाबा ओझा को संयोजक, राहुल द्विवेदी को अध्यक्ष, पंकज शुक्ला को मंत्री तथा आशीष द्विवेदी व राज कुमार शुक्ला को उपाध्यक्ष और रूद्रमणि द्विवेदी को कोषाध्यक्ष तथा बाबा कुशवाहा को सहकोषाध्यक्ष चुना गया है। उक्त के अतिरिक्त मुकेश शुक्ला, अशफाक अहमद, अंकित शुक्ला(बेटू), अंशु सिंह राजेश राय, शितलेश द्विवेदी कार्तिकेय तिवारी मोचन शुक्ला हिमांशु विश्वकर्मा व संजीव कुमार को कार्यकारी सदस्य चुना गया है। सोरांव यूथ क्लब मेजा के अध्यक्ष राहुल द्विवेदी ने सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उपरोक्त कल्ब की कार्यकारिणी समिति के पुनर्गठन के पश्चात ग्राम प्रधान सोरांव राजेश द्विवेदी एवं क्लब के संयोजक बाबा ओझा ने सोरांव यूथ क्लब मेजा के समस्त खिलाड़ी, सदस्य एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं व बधाई दी।

## न्यूज झरोखा

### क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत हेतु ग्रामीणों ने सौंपा विधायक मेजा को पत्र



**मेजारोड।** विकास खण्ड उरूवा के बकचूंदा गांव का मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त होने की वजह से ग्रामीणो को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। रविवार को सागर द्विवेदी के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने विधायक नीमल करवरिया को पत्र देकर क्षतिग्रस्त सड़क को दुरूस्त करवाने की मांग की है।उल्लेखनीय है कि मेजा विधायक नीलम करवरिया ने ग्रामीणो को आश्वस्त करेते हुए जल्द ही ध्वस्त सड़क को दुरूस्त करवाने की बात कही। गौरतलब है कि बकचूंदा गांव से निकलने वाला मुख्य मार्ग जो डाही बकचूंदा बेलन नहर से होते हुए मेजारोड बाजार को जाता है उक्त मुख्य मार्ग पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो चुका है जिसके चलते आए दिन बाइक सवार साइकिल सवार रात के अंधेरे में गिरकर चोटिल हो रहे है क्षतिग्रस्त सड़क की वजह से लोगों को आवागमन करने में भारी दिक्कते झेलनी पड़ रही है। उसी क्रम में दर्जनों के द्वारा विधायक को पत्र सौंपकर क्षतिग्रस्त सड़क को दुरूस्त करवाने की मांग की है। इस दौरान युवा समाजसेवी सभा शंकर तिवारी, लालबाबू तिवारी, सबल तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, राज तिवारी, सूरज तिवारी, सुधीर तिवारी उपस्थित रहे।

### पुरुषार्थी विद्या मंदिर समिति के अध्यक्ष बनें विजय



**करछना।** हरी मंदिर पंजाबी सभा मीरापुर के प्रांगण में पुरुषार्थी विद्या मंदिर समिति का चुनाव सम्पन्न हुआ।जिसमें अध्यक्ष श्री विजय को चुना गया। महामंत्री पद पर नरेश कुंद्रा,उपाध्यक्ष पद पर महेंद्र अरोरा मंदिर मंत्री अनिल भगत ,कोषाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी, संयुक्त मंत्री अरुण राजपूत ,मंदिर के धर्मशाला(बारात घर)मंत्री पर रोहित नागपल ,बर्तन मंत्री श्याम वाधवा, विद्यालय प्रबंधक अजय खुराना , ऑडिटर पद पर पंकज निझावन, सह-मंत्री सुभाष कपूर को चुना गया। गुरुचरण अरोरा चन्नी भैया को सर्वसम्मति से संयुक्त मंत्री मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त समिति द्वारा सर्वसम्मिति से समाज के वरिष्ठ लोगों का एक संग्रक्षक मंडल भी बनाया गया जिसमें मुख्य रूप से गुरुचरण अरोरा जी ,डॉक्टर ए०क. कालरा व अवतार किशन अरोरा जी को रखा गया। चुनाव अधिकारी गुरुचरण अरोरा जी रहें , उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बधाई देकर चुनाव सकुशल सम्पन्न करवाया। इस अवसर पर कईं गणमान्य लोगों नें नव गठित पदाधिकारियों के बधाई दी है ।

### निरिया ग्राम पंचायत में 333 लोगों ने कराया वैक्सीनेसन




**करछना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करछना की कोविड टीम के द्वारा आयोजित वैक्सीनेसन शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत निरिया के प्राथमिक विद्यालय पर किया गया । वैक्सीनेसन कैम्प में बड़ी संख्या में गांव की महिलाओं सहित सैकड़ों लोगों नें लाइन में लग कर अपनी बारी का इंतजार करते हुए देर शाम तक तीन सौ तैंतीस लोगों नें कोविड महामारी के बचाव के लिए वैक्सीनेसन कराया । इस बीच बड़ी संख्या में लोग टीका करण से वंचित रह गयें, जिन्हे ग्राम प्रधान अमृत लाल के प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने आश्वासन दिया गया कि जो लोग टीका करण से वंचित रह गयें हैं उनका भी टीका करण किया जायेगा । उसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करछना के अधीक्षक नवीन गिरि से बात करके दूबारा कैम्प का आयोजन कराया जाएगा । जिससे गांव के लोग महामारी से पूरी तरह से सुरक्षित रहे । वैक्सीनेसन टीम में एन एम रीना पाण्डेय, आशा शिव देवी, सुषमा पटेल के अलावा गांव के प्रधान सहित कयी समाज सेवियों का योगदान सराहनीय रहा है ।

### कुंदौरा महादेव धाम से सोमवार को विभिन्न धार्मिक स्थलों के लिए साइकिल यात्रा निकली



**प्रतापपुर।** सर्वधर्म समन्वय समिति कुंदौरा महादेव हरिपुर मर्रो द्वारा कमलेश पांडेय की अध्यक्षता में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सोमवार को साइकिल एकता यात्रा कुंदौरा महादेव धाम से निकली जो कि प्रयागराज होते हुए माँ शारदा मैहर माता, चित्रकूट खजुराहो, देवतालाब, अष्टभुजी, कालिखो, विंध्याचल से होते हुए पुनः कुंदौरा मन्दिर पर साइकिल यात्रा का समापन होगा।साइकिल यात्रा में कमलेश पांडेय संचालक, सभाजीत पांडेय, श्याम लाल गुप्ता गुड्डू रंगीला मार्ग सूचना मंत्री, बाबू लाल बिंद कोषाध्यक्ष, मुन्नीलाल प्रजापति, राम जतन बिंद, राज बहादुर मौर्या, चंद्रशेखर मौर्य, उमाशंकर पांडेय, राजकुमार, बहादुर लाल गुप्ता , जवाहरलाल गौड़, हरी प्रसाद मिश्र, विजय बहादुर यादव, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, प्रेम सागर साहू, शुभम तिवारी, पंकज शुक्ला इत्यादि लोगों की उपस्थिति साइकिल यात्रा में रवाना की गई।

### शिव कुमार पुनः बने प्रयागराज एबीवीपी जिला संयोजक



**प्रतापपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रान्त अमेठी के तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन पूरे प्रान्त में जिम्मेदारियों को ले कर फेर बदल हुए।जिसमे प्रयागराज जिले के हंडिया तहसील निवासी शिव कुमार तिवारी 'तेजस्वी' को पुनः जिला संयोजक बनाया गया।साथ ही सहयोगी के रूप में फूलपुर के तहसील संयोजक रहे विशाल कुमार सत्या एवं कोरांव तहसील के संयोजक रहे आदर्श द्विवेदी को जिला सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई।यह घोषणा वर्ग के समापन पर एबीवीपी के प्रान्त अध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने प्रांतीय व राष्ट्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में अमेठी में किया।नए कार्यकाल के लिए विभाग संगठन मंत्री प्रभाकर तिवारी, प्रान्त कार्यसमिति सदस्य राजकुमार कश्यप, जिला संगठन मंत्री विपुल विद्यार्थी , आशीष त्रिपाठी, सुमित तिवारी, आकाश, यशार्थ श्रीवास्तव सहित जिले भर के कार्यकताओं ने बधाई व शुभकामना दिया।

### भारतीय किसान मोर्चा के जिला मंत्री बने रुद्र प्रताप सिंह

**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व वरुणा मंडल उपाध्यक्ष हरभानपुर(वरुणा बाजार)निवासी रुद्र प्रताप सिंह को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मोर्चा का जिला मंत्री मनोनीत किया गया है।उनके नाम की घोषणा करते हुए किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत उपाध्याय ने सफल कार्यकाल के लिए शुभकामना दिया।जिलामंत्री बनने पर उनके समर्थकों एवं पार्टी कार्यकताओं ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया।क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी प्रान्त अमरनाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष गंगापार श्यामबिहारी पांडेय, पूर्व प्रत्याशी भाजपा-अपना दल प्रतापपुर कैप्टन करन सिंह, मंडल अध्यक्ष वरुणा समरजीत मौर्या, मंडल अध्यक्ष प्रतापपुर आशुतोष त्रिपाठी, संजय बनकटा, धीरज मिश्रा, कमला पांडेय, दिलीप यादव, दीपक केशरवानी, राजा मौर्या, प्रियांशू यादव, महावीर मिश्रा,अखिलेश यादव सभासद, आँशु सिंह, उदयवीर प्रजापति, अभय प्रताप सिंह, कमल मौर्या अभ्युदय सिंह, उमेश पाल सहित तमाम लोगो ने रुद्र प्रताप को बधाई दिया।



## खबर संक्षेप

### सिरसा में एसडीएफ टैलेंट सम्मान समारोह सम्पन्न

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत सिरसा के अमिलहवा स्थित एसडीएफ टैलेंट सम्मान प्रतियोगिता में अव्वल आये छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर चंद्र मोहन सिंह सदस्य भारतीय खाद्य निगम भारत सरकार तथा विशिष्ट अतिथि राजेश पटेल बुलबुल सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी अपना दल (एस) अमरेश तिवारी मेजर पब्लिक के डायरेक्टर,चौकी इंचार्ज सिरसा हरिश चंद शर्मा, पंकज कुमार त्रिपाठी चौकी प्रभारी मेजा रोड रहे। टैलेंट प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कक्षा 11 के छात्र पवन केसरी, संतोष कुमार, रजत पंचल, रिशु प्रजापति, कोमल तथा कक्षा 12 की छात्रा स्वाति मिश्रा,अंबिका, अभिषेक उपाध्याय अनामिका चौरसिया ,सोनिया मिश्रा को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। निदेशक डॉक्टर ओ०पी० शुक्ला ,इंजी आलोक शुक्ला, किशन सिंह आयोजक अनुज सिंह रहे।

### घर से भागे प्रेमी युगल को पुलिस ने किया बरामद

**करछना।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव के रहने वाले दो प्रेमी युगल गत दिनों परिजनों की चोरी मे फरार हो गएँ थे जिन्हे करछना पुलिस ने दोनों प्रेमी जोड़े को गिरफ्तार कर लिया है । सूत्रों के मुताबिक करछना थाना क्षेत्र के एक गांव की एक लडकी से पडोस गांव का रहने वाले युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जो 30 अगस्त को मौका पाकर दोनों अपने परिजनों की चोरी से भाग कर चंडीगढ़ चलें गये थे ।

### सैकड़ों लोगों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण सम्पन्न

**घूरपुर।** घूरपुर थाना क्षेत्र के मनकवार मे स्थित बी. के. इंटर मिडिएट कालेज मे दृष्टि आप्टिकल एवम आई केयर सेंटर के बैनरतले निःशुल्क नेत्र परीक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की तादाद मे मरीजों का नेत्र परीक्षण एवम निःशुल्क ड्राप का वितरण किया गया। इस अवसर नेत्र परीक्षण अधिकारी के. पी. पटेल ने बताया कि जनहित कार्यो का लगाव विद्यार्थी जीवन से ही रहा हैं। विगत दो वर्षो मे हजारों मरीजों के नेत्र परीक्षण करने के साथ चश्मे का भी इंतजाम करवाया गया हैं। विद्यालय के प्रबंधक विजय सिंह पटेल ने आये हुए सभी मरीजों कों बिस्कुट, चाय के साथ पौधा भेंट कर सम्मानित किये।

# प्रयागराज में डेंगू के मरीजों की बढ़ रही संख्या, संक्रमितओं की संख्या हुई 56

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** शहर में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। बाढ़ग्रस्त इलाकों के साथ शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में इसके मरीज बढ़ते जा रहे हैं। सोमवार को भी नौ नए मरीज पाए गए हैं। इन सभी की जांच मेडिकल कॉलेज में हुई थी। रिपोर्ट आने के बाद मलेरिया विभाग ने डेंगू संक्रमित पाए गए लोगों के आसपास दवाओं के छिड़काव की तैयारी कर ली है। मंगलवार को यहां दवाओं का छिड़काव कराया जाएगा। इस्माइलगंज में सोमवार को विशेष अभियान चलाया गया। सोमवार को डेंगू के चार नए संक्रमित मिले हैं।

जिला मलेरियाधिकारी डॉ. आनंद सिंह ने बताया कि जिले में कुल दो दर्जन से अधिक लोगों की जांच कराई गई। इसमें नौ नए संक्रमित पाए गए। नौ नए मरीजों में सात को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। पांच मरीज स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती हैं जबकि बेली अस्पताल में एक व्यक्ति का उपचार चल रहा है। इसके अलावा एक व्यक्ति को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। इसके अलावा डेंगू के तीन और मरीज पहले से भर्ती हैं। यानी डेंगू के कुल 10 मरीजों को भर्ती किया गया है। 46 मरीज स्वस्थ्य हो चुके हैं। सोमवार को इस्माइलगंज में डेंगू के चार नए मरीज मिले हैं। इससे यह इलाका ज्यादा संवेदनशील होता जा रहा है। इसके अलावा यहां वायरल फीवर से भी लोग बड़ी संख्या में संक्रमित हैं। स्थिति को देखते हुए सोरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और मलेरिया विभाग की संयुक्त टीम ने मिलकर सोमवार को विशेष अभियान चलाया। इसमें मलेरिया, डेंगू सहित मच्छर और जलजनित बीमारियों को नियंत्रण में लाने के लिए पायरेथ्रम कीटनाशक घोल का छिड़काव कराया गया। साथ ही फागिंग कराई गई।

इस दौरान ग्राम प्रधान की मदद से संक्रमित लक्ष्मीनारायण के घर का ताला खुलवाकर जांच की गई। पता चला कि कूलर, ड्रम, गमला आदि अनके पात्रों में जल एकत्रित था, उसमें अधिक मात्रा में लार्वा पाए गए। वहां पानी की निकासी बेहतर न होने से जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। इसमें भी लार्वा पाए गए। इस पर वहां एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया।

इस्माइलगंज की स्थिति को देखते हुए डीएम ने मंगलवार को सीडीओ को स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिए है। इसके साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव और मलेरिया विभाग की ओर से संयुक्त रूप से अभियान चलाने को कहा है। इसके अलावा जागरूकता के लिए हैंड बिल भी बांटे गए। इधर, शहर में सोमवार को शहर के कसारी-मसारी, चौफटका, दारागंज, मेडिकल कॉलेज क्षेत्र, तेलियरगंज, शंकरघाट, बैंकरोड टीचर कॉलोनी में एंटी लार्वा और चकिया, चौफटका के 68 घरों में, दारागंज के 47 घरों में पैराथ्रम स्प्रे का छिड़काव कराया गया।



एसआरएन हास्पिटल में हंगामे के दौरान भारी संख्या में तैनात पुलिस बल

# एसआरएन हास्पिटल में मरीज की मौत पर हंगामा डॉक्टरों और तीमारदारों में जमकर मारपीट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू हास्पिटल में डाक्टरों और तीमारदारों के बीच जमकर मारपीट हो गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में भर्ती पिता की मौत के बाद जब वह विरोध कर रहे थे तब डाक्टरों ने उनकी माता को मारपीट कर घायल कर दिया। काफी देर तक दोनों पक्ष की तरफ से हंगामा होता रहा तथा मौके पर कई थानों की की फोर्स हॉस्पिटल में मौजूद है तथा दोनों पक्ष के लोगों को पुलिस के अधिकारी समझाने में जुटे हुए हैं(

# प्रधानों को बैठने के लिए करछना ब्लाक में हाइटेक हाल का जल्द होगा निर्माण

अखंड भारत संदेस

**करछना।** विकास खंड करछना परिसर में प्रधानो के लिए बैठने केलिए कोई बैठक हाल नहीं बनाया गया है जिसको लेकर दूर दराज गांवो से चल कर करछना ब्लाक मुख्यालय पर आने वाले ग्राम प्रधान घंटो अपनी मोटरसाइकिल की सीट पर बैठ कर अधिकारियों का इन्तजार करते हैं, या पेंडो की छाँव में जमीन पर बैठते हैं । वर्षो से विकास के साथ-साथ बहुत कुछ तस्वीर गांवो से लेकर प्रत्येक कार्यालयों में बदलाव दफ्तरों में नया बदलाव दिखाई देता है ।लेकिन एक अदद्, गांवो के विकास की धुरी कहें जाने वाले मुखिया प्रधान करछना ब्लाक में जमीन पर बैठ कर अपना कार्य निष्पादन करते हैं । प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ने इसी कडी में ब्लाक प्रमुख प्रधानो एवं बीडीसी सदस्यों के साथ बैठक कर इस समस्या से निजात पाने के लिए सोमवार को बैठक के दौरान यह बात कही ।उन्होंने बताया कि विकास की धुरी कहें जाने वाले मुखिया प्रधानो को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए जल्द ही ब्लाक मुख्यालय पर एक हाईटेक बैठक भवन का निर्माण कराया जायेगा जिसमें प्रधानो को उक्त बैठक भवन में बैठ कर काम काज निपटाने में सहुलियत मिल सकें ।साथ ही एक पार्किंग की ब्यवस्था भी होगी । उस दौरान बैठक में, संतोष पांडेय, प्रधान प्रतिनिधि बसही हिमांशु कुमार सिंह, प्रधान प्रतिनिधि मनैया अमर नाथ द्विवेदी, अमिताब पांडेय सहित बड़ी संख्या में प्रधान व बीडीसी सदस्य मौजूद रहे।



प्रधानो के साथ बैठक करते प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी

### सनसनीखेज हत्याकांड में वांछित दो और अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी

**लालापुर।** पुलिस उपमहा निरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों के गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक यमनुापार एवं क्षेत्राधिकारी बारा के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष लालापुर व उनकी पलुसि टीम द्वारा मुखबिर खास की मदद से विगत महीने की 21 अगस्त 2021 को थाना लालापुर अंतर्गत नगरवार गांव में पानी लगाने को लेकर हुए विवाद में अमित तिवारी (कल्लू तिवारी) की गोली मारकर हुई हत्या में थाना लालापुर पर पंजीकृत मुकदमा से संबंधित 2 नामजद वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई। दोनों अभियुक्तों को थाना लालापुर ले जाकर विधिक कार्यवाही की जा रही है नाम पता अभियुक्तगणः

1.विकास पाठक पुत्र दिलीप कुमार पाठक निवासी ग्राम नगरवार थाना लालापुर जनपद प्रयागराज।

2. अशोक पाठक पुत्र राम गणेश पाठक निवासी ग्राम नगरवार थाना लालापुर जनपद प्रयागराज।

# पत्रकार के निधन पर नम आखों से गंगा घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

अखंड भारत संदेश

**करछना।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय के छोटे भाई अश्वनी कुमार का रविवार दिनांक 5 सितंबर 2021 को अपरान्ह 1:00 बजे आकस्मिक निधन हो गया था जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को डीहा गंगा घाट पर किया गया सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उनकी विदाई की और दिवंगत पत्रकार के बड़े भाई डॉक्टर भगवान उपाध्याय ने मुखाग्नि दी। दिवंगत उपाध्याय स्वयं एक वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी थे जो अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं अश्विनी कुमार उपाध्याय पिछले काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे रविवार को दोपहर 1:00 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली 60 वर्षीय दिवंगत पत्रकार के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई और संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की हिंदी दैनिक पवन प्रभात के उप संपादक स्वर्गीय उपाध्याय कई वर्षों तक विभिन्न समाचार पत्रों से जुड़े रहे और उन्होंने अपनी लेखनी से समाज को सदैव सकारात्मक दिशा देने का प्रयास किया था क्षेत्र की कुछ शिक्षण संस्थाओं से भी जुड़े स्वर्गीय उपाध्याय वरिष्ठ समाजसेवी थे और जनहित के कार्यों में सदैव तत्पर रहते थे उनके निधन से समाज और पत्रकारिता के क्षेत्र में एक अपूरणीय क्षति हुई है भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की विभिन्न जिला , मंडल और प्रदेश तथा जिला इकाइयों द्वारा शोक संवेदनाओं का क्रम देर रात तक जारी रहा और संगठन से जुड़े देश के अन्य भागों में भी पत्रकार शोकाकुल रहे भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुनेश्वर मिश्र राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयशंकर त्रिपाठी संरक्षक डॉ हीरा मणि त्रिपाठी राष्ट्रीय मुख्य महासचिव सुधीर सिंह राठौड़ उत्तर प्रदेश इकाई के प्रांतीय अध्यक्ष मथुरा प्रसाद धुरिया प्रांतीय मुख्य महासचिव सच्चिदानंद मिश्र महासचिव मधुसूदन सिंह मध्य प्रदेश इकाई के प्रांतीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम मिश्रा एवं मध्य प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार साथियों सहित प्रयागराज के विभिन्न तहसीलों के पदाधिकारियों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की ।

# खाद्य प्रसंस्करण का दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

अखंड भारत संदेस




खाद्य प्रसंस्करण के दस दिवसीय समापन अवसर पर समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र सौंपते।

**करछना।** उद्योग एवं प्रोत्साहन निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा प्रायोजित एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण योजना अंतर्गत 10 दिवसीयकौशल एवं उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम फूड प्रोसेसिंग के समापन पर सैकड़ों महिलाओं ने विकासखंड करछना के रामपुर ब्रिज मंगल सिंह इंटर कॉलेज में दूरदराज एवं आसपास की महिलाओं ने प्रशिक्षण लिया आयोजक उद्यमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश लखनऊ उपायुक्त जिला उद्योग विभाग एवं उद्यमिता विकास केंद्र प्रयागराज द्वारा संचालित दस दिवसीय प्रशिक्षण में ट्रेंड प्रशिक्षकों द्वारा महिलाओं को अचार मुरब्बा बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया साथ ही साथ महिलाओं द्वारा बनाए गए अचार मुरब्बा सहियन आंवला कटहर मिर्चा टमाटर जेम नींबू आदि को पैकिंग कर डिब्बे मेंरखकर महिलाओं द्वारा प्रशिक्षकों के समक्ष रखा गया महिलाओं को आचार मुरब्बा का प्रशिक्षण दिया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजीव गौतम सांख्यिकी जिला उद्योग विभाग जमुनापार जागृति मिशन के संयोजक डॉ भगवत पांडेय ने सबको शुभ आशीष देते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं स्वरोजगार करने हेतु ढेर सारी जानकारियां प्रदान की करछना विधानसभा को आत्मनिर्भर बनाने ग्रामीण महिलाओं श्रमिक प्रबुद्ध वर्ग को लाभान्वित करने एवं सरकार की ढेर सारी योजनाओं से जोड़ने की बात रखी ,लोक साहित्यकार कवि रामलोचन सांवरिया ने अपनी लोक पंक्तियों के माध्यम से गांव होई गवा शहर फलाने जैतसर जतसार एवं पारंपरिक प्रभाती लोक गीतों लोकगीतों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु संदेश साझा किया सूरज मिश्रा अधि. ,प्रेरक अमित कुमार पांडेय महामंत्री ,(भाजपा चाका यमुनापार)ने सरकार द्वारा प्रायोजित स्वरोजगार योजना को बढ़ावा देने एक जनपद एक उत्पाद एवं व्यवसाय ,समूह आत्मनिर्भरता पर जानकारी दी साथ ही विभागीय अधिकारीयो द्वारा मुद्रा लोन योजना की जानकारी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को अचार मुरब्बा बनाने स्वयं के व्यवसाय को बढ़ावा देने हेतु जिला उद्योग विभाग द्वारा सहायता राशि के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं महिलाओं द्वारा फॉर्म भी भरवाया गया कॉलेज के प्रधानाचार्य मनीष तिवारी जी नेअतिथियों एवं दूरदराज से आई हुईग्रामीण महिलाओं एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आभार जताया।

### बरहा में प्रीति यादव को मिली कम्प्यूटर ऑपरेटर जिम्मेदारी

**मेजा।** सरकार के आदेश पर प्रत्येक ग्राम पंचायतों में नियुक्त किए जा रहे सहायक कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्तियां इन दिनों तेजी पर है। यह नियुक्ति मेरिट के आधार पर खुली बैठक के बाद सुनिश्चित कर पद की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। सरकार ने ग्राम पंचायत का कार्यक्रम अब ऑपरेटर के जिम्मे देने का फैसला लिया है। माण्डा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बरहा कला में सहायक कम्प्यूटर ऑपरेटर पद हेतु कुल 11 लोगों ने आवेदन पत्र दाखिल किया था। वहीं गुरुवार की दोपहर उक्त गाँव के प्राथमिक विद्यालय में सक्ट्रेटरी बृजेश दुबे के नेतृत्व में खुली बैठक आहूत की गई। जिसमें सर्वाधिक मेरिट प्रीति यादव पत्नी अनिल यादव की रही। मेरिट के आधार पर ही उक्त पद की जिम्मेदारी सौंपी दी गई। उधर चयनिय पद की घोषड़ा होने को लेकर परिजनों ने मौजूद सभी अतिथियों का मुखमिष्ठ कराया। जबकि ग्राम पंचायत की प्रधान प्रीति यादव ने चयनिय ऑपरेटर प्रीति यादव को बधाई दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश्वर यादव, राजधर यादव (बाबा जी) मिथिलेश यादव, गुड्डू यादव,रामदास पटेल,रोजगार सेवक मिश्री लाल पटेल, पंचम लाल यादव, रमेश यादव, उमाशंकर यादव, शिवजीत पटेल, लाल बहादुर, रामलाल यादव, सच्चन, कृपा शंकर सहित तमाम लोग रहे।

# अधिकारियों के मिलीभगत से अवैध क्रेशर प्लांटो का किया जा रहा संचालन

अखण्ड भारत सन्देश

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र में नियम विरूद्ध चल रहे क्रेशर प्लांटों से हो रही पर्यावरण की क्षति पर जांच कर आवश्यक कार्यवाई के लिए केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री से मुलाकात कर एक समाजसेवी ने पूरे मामले में जांच व दोषियों के खिलाफ कार्यवाई की मांग की। क्षेत्र के मांडारोड बाजार निवासी समाजसेवी रामबाबू चौबे ने शनिवार को दिल्ली में केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन दिया कि मांडा, मेजा क्षेत्र में चल रहे दो दर्जन क्रेशर प्लांट फर्जी एनओसी लगाकर अधिकारियों की मिली भगत से पर्यावरण को क्षति पहुंचा रहे हैं, जिससे प्रदूषण फैल रहा है। साथ ही आस-पास के गांवों में तरह-तरह की बीमारियां फैल रही है। साथ ही जंगल, पहाड़, नदियों का अस्तित्व भी लुप्त हो रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने शीघ्र कार्यवाई का आश्वासन दिया है। प्लांटो के नजदीक के गांवों का हल ये हैं कि धूल और कंकड़ के प्रदूषण से ग्रामवासियो का रहना दुस्वार हो गया हैं। कई बार ग्रामवासियो ने लिखित शिकायत संबंधित अधिकारियों और क्षेत्रीय नेताओ से किया लेकिन आज इन लोगो के ऊपर कोई कानूनी कार्यवाही नही किया गया।



क्रेशर प्लांट

# ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



बैंकर्स समिति की बैठक में भाग लेते समिति के लोग

**कोराव।** ब्लॉक मुख्यालय कोराव में बैंकर्स समिति की बैठक अग्रणी जिला प्रबंधक बेलाल अहमद जाफरी की सदारत में संपन्न हुई जिसमें आवश्यक सुधार हेतु उचित सलाह दी गई। बैठक में सभी बैंक की शाखाओं द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए शाखा स्तर पर तथा ब्लॉक स्तर पर कैंप लगवाने के लिए ग्राम विकास अधिकारियों,ग्राम प्रधान आदि का सहयोग लिए जाने पर चर्चा हुई और टारगेट पूर्ण न होने पर असंतोष व्यक्त किया गया। सासन स्तर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना,प्रधान मंत्री विकास योजना,स्पेशल कंपोनेंट योजना के अंतर्गत दिन दयाल उपाध्याय योजना,मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना,ओडिपी, डेड्स,आदि से प्रगति,और लक्ष्यों की समीक्षा की गई।और अग्रणी जिला प्रबंधक ने कई सुझाव दिए। वार्षिक लोन योजना २९२१,२२ के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए सभी सदस्यों से अपेक्षा की गई। जमा ऋण अनुपात बढ़ाने, एवम अधिक से अधिक ऋण वितरित किए जाने,बैंक ऋण वसूली की प्रगति ,फासल बीमा योजना,और प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,सुरक्षा योजना,अटल पेंशन योजना,आदि के अंतर्गत हुए कार्यों की समीक्षा की गई। आरसेटी,एफ एल सी सी द्वारा कराए जा रहे कार्यक्रमों की और उसके प्रसार आदि पर चर्चा हुई। फार्मर्स क्लब के सृजन, कृषक चौपाल, के अयोजन,आदि कुल ग्यारह बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में श्री बेलाल अहमद के अलावा,खंड विकास अधिकारी कोराव रमाशंकर सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।बैठक को वित्तीय साक्षरता सलाहकार,रमेश चंद्र सरोज ने भी बैठक को विधिवत अंजाम दिया। खंड विकास अधिकारी श्री सिंह ने सभी बैंक के प्रबंधकों प्रतिनिधियों से किसान समूह बेरोजगार के प्रति योजनाओं का क्रियान्वन समय से किए जाने व की अपेक्षा की। श्री बेलाल अहमद ने बताया कि अठारह सितंबर को मेगा कैंप ही जगह आयोजित होगा। जिसमे सभी प्रकार के लोन दिए जायेंगें। बैठक में रोहित शुक्ला,ब्लॉक प्रबंधक,विवेक कुमार,आत्म प्रकाश, अशीस यादव,शैलेंद्र कुमार, प्रदीप मिश्रा,प्रिय वर्मा, सभी बैंकों के साखा प्रबंधक,आदि मौजूद थे।

## पारिवारिक कलह से आकर युवक ने लगाई फांसी, मौत

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के चकसुचेर गांव में पारिवारिक कलह से तंग आकर 40 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मौके पर पहुँची लालापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार लालापुर के चकसुचेर गांव निवासी सुरेश कुमार पुत्र स्व० दुलारे हरिजन का अपने पत्नी सुमन से कुछ नोकझोंक हो गई थी और रविवार को सुरेश ने पत्नी को उसके मायके नौढिया तरहार भेज दिया था।सोमवार को सुबह 09 बजे सुरेश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।मृतक सुरेश के चार भाइयों में तीसरे नम्बर का है।मृतक सुरेश के तीन लड़का और एक लड़की है। सुरेश की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# बेदौली में वैक्सीन लगवाने को ग्रामीणों में दिखा उत्साह

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** विकास खंड उरूवा के न्याय पंचायत बेदौली में कोरोना से बचाव का टीका लगवाने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी रही।

सोमवार को बेदौली गांव के प्राथमिक विद्यालय में वैक्सीन लगवाने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ सुबह से ही जुट रही। देखा जाए तो टीका लगवाने पहुंचे लोग बगैर मास्क तथा सोशल डिस्टेंस का पालन करते देखे गए, भीड़ इतनी जबरदस्त थी कि लोग एक दूसरे पर चढ़ते नजर आए।वही कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान के द्वारा अपने चहेतों को टोकन दिया जा रहा है जिससे कि उन्हें पहले वैक्सीन लगाई जा सके। जबकि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 200 लोगों को टीका लगवाने का लक्ष्य रखा गया है।



बेदौली में लोग टीकाकरण कराते

### जगौती गांव में लोगों नें कराया वैक्सीनेसन

**करछना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करछना वैक्सीनेसन टीम ने सोमवार को विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत जगौती गांव वैक्सीनेसन शिविर में तीन सौ लोगों को कोरोना वैश्विक महामारी के बचाव के लिए वैक्सीन का टीका करण किया ।टीका कारण शिविर बड़ी संख्या में लोग टीका करण से वंचित रह गयें, जिसमें गांव के प्रधान दीप नारायन लोगों को पुनः कोविड का कैम्प लगवाने का आश्वासन दिया ।

### बेखौफ चोरों ने ज्वेलरी की दुकान को बनाया निशाना, हजारों का सामान किया पार

**मेजा रोड।** कोतवाली क्षेत्र में एक बार फिर बेखौफ चोरों ने ज्वेलरी की दुकान को निशाना बनाते हुए हजारों का माल पार कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार राहुल वर्मा निवासी पांती राष्ट्रीय राजमार्ग 76 के मेजारोड बाजार के पुराने पावर हाउस के समीप आर बी ज्वेलर्स के नाम से दुकान खोल रखी है। बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते शटर काट कर दुकान में रखे लगभग आठ से दस हजार के चांदी के पायल उठा ले गए। सुबह जब दुकानदार राहुल वर्मा दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान के अंदर सारा सामान फैला देंख अवाक रह गया। मामले की जानकारी भुक्तभोगी ने चौकी प्रभारी मेजारोड पंकज त्रिपाठी को दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने तहरीर लेकर मामले की पड़ताल में जुट गए। गौरतलब हो कि 27 दिसंबर 2020 को एक ही रात में सात दुकानों के ताले चोरों के द्वारा काटे गए थे। जिसमें उक्त दुकान भी शामिल रही दूसरी बार बेखौफ चोरों ने घटना को अंजाम देते हुए पुलिस के लिए खुला चैलेंज किया है।



# भगवान का दूसरा रुप होता है शिक्षक

## लायंस क्लब ने शिक्षकों को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शिक्षक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब प्रतापगढ़ शक्ति द्वारा नगर क्षेत्र के बेगम वार्ड स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पांच शिक्षकों को सम्मानित कर उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित हुए शिक्षकों में प्रयागराज संगीत समिति की सीमा मिश्रा, अमरनाथ मिश्र, सरस्वती विद्या मंदिर एनटीपीसी ऊंचाहार विलकीश जहां उच्चतर प्राथमिक विद्यालय बेगम वार्ड, मीना पुष्पाकर प्रधानाध्यापिका, आशीष कुमार भटनागर अध्यापक उचित प्राथमिक विद्यालय बेगम वार्ड रहे। इस अवसर पर उपस्थित कोर्डिनेटर संतोष भगवान ने कहा कि शिक्षक भगवान का दूसरा रुप होता है। जोन चेयर पर्सन डॉ0 क्षितिज श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे समाज में माता-पिता से भी बढकर गुरु का दर्जा दिया गया है। लायंस क्लब शक्ति की प्रशासक लक्ष्मी मिश्रा ने कहा कि शिक्षक सिर्फ शिक्षा ही नहीं देता बल्कि बेहतर नागरिक बनने का प्रेरणा भी देता है। सचिव अनीता पांडेय ने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन की नींव है। लायंस क्लब शक्ति की उपाध्यक्ष डॉक्टर अवंतिका पांडेय ने कहा कि शिक्षक की हमारे मार्गदर्शक हैं जो सही राह पर चलना सिखाते हैं। उपाध्यक्ष सतनाम कौर ने कहा कि हम शिक्षकों का सम्मान कर स्वयं सम्मान का अनुभव करते हैं। कल आपकी कोषाध्यक्ष पर मिला शुक्ला ने कहा कि वेहतर शिक्षक का प्रत्येक शिष्य अनुकरण करता है। क्लब की चेयर पर्सन हंगर रुची केसरवानी ने कहा कि शिक्षक की शिष्य के अंदर निहित कौशल और गुणों को प्रकट करने में सहायक से सिद्ध होता है।

### सीबीएसई पुनर्परीक्षा मे तैतीस परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत लालगंज क्षेत्र के अझारा स्थित पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल मे सीबीएसई बोर्ड की पुर्नपरीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा मे कक्षा बारह बायोलॉजी विषय के परीक्षार्थी शामिल हुये। परीक्षा मे कुल इक्तालिस परीक्षार्थी नामांकित थे। जिसमे से कुल तैतीस परीक्षार्थियो ने ही परीक्षा दी जबकि शेष आठ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने बताया कि कोविड गाइडलाइन के निर्देशो का पालन कराते हुए परीक्षा सम्पन्न करायी जा रही है। परीक्षा मे ऑबजर्बर के रूप मे संत जेवियर्स स्कूल चिलबिला के डा. धर्मेन्द्र श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# मेडिकल कालेज में पार्किंग की व्यवस्था न होने पर भड़के मण्डलायुक्त

## खामियां मिलने पर प्रोजेक्ट मैनेजर को लगाई फटकार



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर में राजकीय मेडिकल कालेज के अंतर्गत बन रहे पुरुष अस्पताल में पार्किंग का कोई प्लान न होने पर मंडलायुक्त का पारा सातवें आसामान पर चढ़ गया। आखिरकार डाक्टरों, कर्मियों, मरीजों, तीमारदारों के वाहन व एंबुलेंस कहां पार्क होंगे, इस पर कोई जवाब न मिलने पर कमिश्नर प्रयागराज मंडल संजय गोयल ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। मौके पर ही कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम रायबरेली के मैनेजर को कड़ी फटकार लगाई।

मण्डलायुक्त ने कहा कि एक हजार वाहनों को पार्क करने के लिए जगह बनाएं। कमिश्नर गोयल सोमवार को दोपहर करीब एक जब बजे अस्पताल पहुंचे तो जलभराव व मच्छरों की भनभनाहट देख बिफर पड़े। नगर पालिका ईओ को तलब कर कड़ी फटकार लगाई। कहा कि पर जलभराव अब न दिखे। फिर वह डेंगू वार्ड को देखने पहुंचे। प्रिंसिपल डा. आर्यदेश दीपक व सीएमओ डा. एके श्रीवास्तव से कहा कि वायरल व डेंगू के केस बढ़ रहे हैं। जांच, दवा, उपचार व बेड की कमी न रहे। इसके बाद उन्होंने नए आक्सीजन प्लांट को भी देखा। सीडीओ प्रभाष कुमार, अपर सीएमओ डा. सीपी शर्मा, मलेरिया अधिकारी राजेश गुप्ता, एसडीएम सदर मोहन लाल गुप्त भी मौजूद रहे। इसके बाद वह चिल्ड्रेन वार्ड में गए। वायरल की चपेट में आए बच्चे हांफ रहे थे। परिजनों ने शिकायत की कि यहां डाक्टर हर वक्त नहीं मिलते, खोजना पड़ता है।

### गो संरक्षण केन्द्र मेहदौरी का मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ।** नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त प्रयागराज संजय गोयल ने सोमवार को ग्राम पंचायत खमपुर दूबेपट्टी के अन्तर्गत वृहद गो संरक्षण केन्द्र मेहदौरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गो आश्रय स्थल पर 241 पशु पाये गये जिनमें 101 नर एवं 140 मादा पशु मिले। इसके अलावा गो संरक्षण केन्द्र पर आज 11 पशु और लाये गये जिन पर टैग नही लगा था। नोडल अधिकारी ने निर्देशित किया कि जो 11 पशु आये है उनको टैग तत्काल लगाया जाये। उन्होने गो संरक्षण केन्द्र के निरीक्षण के दौरान वहां लगे सोलर वाटर पम्प स्टार्टर खराब स्थिति में पाया गया जिसे तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया और वहां पर पशुओं को एस0एन0जी0 का टीका नही लगा था जिस पर नोडल अधिकारी ने कहा कि पशुओं को एस0एन0जी0 का टीका लगाया जाये। निरीक्षण के दौरान उन्होने गोवंश लाग-बुक, ईयर टैग पंजिका, भूसा, चूनी/चोकर पंजिका का अवलोकन भी किया। उन्होने निर्देशित किया कि गो संरक्षण केन्द्र पर प्रचुर मात्रा में भूसा, चोकर, हरा चारा की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा गोवंशों को साफ पीने का पानी उपलब्ध करायें। भूसा गोदाम में पर्याप्त मात्रा में भूसा संरक्षित करायें जायें एवं संरक्षित भूसा किसी भी दशा में भीगने न पाये। निरीक्षण के दौरान भूसा गोदाम में 190 कुन्तल भूसा पाया गया जिस पर नोडल अधिकारी ने कमेटी के माध्यम से जांच कराने के निर्देश दिये।

# बीबीएफजी कैम्प में 230 लोगों का हुआ टीकाकरण

## सुबह से ही लोगों की उमड़ी रही भीड़



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** इन दिनों कोरोना का टीका लगाने के लिये भीड़ उमड़ रही है। जबकि जगह-जगह टीकाकरण केन्द्र बनाये गये हैं। सोमवार को नया माल गोदाम रोड स्थित डेंटल केयर सेंटर पर सुबह से ही टीकाकरण के लिये भीड़ लग गई थी। दोपहर होते-होते भीड़ इतनी बढ़ गई कि लोगों को क्रमवार टीकाकरण किया गया। कैम्प के आयोजक डा0 अनुराग मिश्रा ने बताया कि अपरान्ह चार बजे तक 230 लोगों का टीकाकरण किया गया।

रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के तत्वावधान में सोमवार को लगे मेगा कैम्प में 230 लोगों ने कोविशिल्ड का टीका लगवाया। कैम्प का उद्घाटन नन्हें मुन्नों ने किया। कैम्प में युवाओ का जोश दिखाई दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से लगी टीकाकरण टीम में शामिल मोहम्मद असरफ, सुनील कुमार, पूनम वर्मा, राजेन्द्री देवी, प्रभात नारायण बाजपेयी और रुपाली पटेल ने तेजी दिखाई और कैम्प का समापन समय पर हो गया। कैम्प के आयोजन में डॉक्टर अनुराग मिश्रा, अश्वनी केसरवानी, मोहम्मद अनीस, नदीम, राजेश कुमार, शुभम तिवारी, उमा शंकर, दिग्विजय सिंह, रमेश नटराज समेत कई लोगों की सक्रिय भूमिका रही।

### महाअभियान के दौरान हजारों लोगों को लगाया गया कोरोना का टीका

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर सोमवार को टीकाकरण का महाअभियान चलाया गया। लालगंज स्थित ट्रामा सेंटर के साथ ही पीएचसी पहाड़पुर, प्राथमिक विद्यालय बभनपुर, जूनियर हाईस्कूल चकोदर, प्राथमिक विद्यालय पूरे इच्छाराम, मेढ़ावां, उधरनपुर, असैनापुर, सराय भागमानी, मांदीपुर, अमावां, खेंमसरी, उमापुर, देवापुर, कटरा बलीपुर, संस्कृत पाठशाला राजापुर समेत बीस केन्द्रों पर लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। वहीं सांगीपुर सीएचसी समेत क्षेत्र मे कुल नौ टीकाकरण केंद्र बनाये गये थे। जहां पर लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। इसी तरह लक्ष्मणपुर पीएचसी समेत कुल नौ केन्द्रों पर कोरोना का टीकाकरण कार्य हुआ। लालगंज सीएचसी अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता, सांगीपुर अधीक्षक डा. आनंद कुमार तिवारी एवं लक्ष्मणपुर अधीक्षक डा. संदीप सक्सेना ने बताया कि महाअभियान के अर्न्तगत कोरोना टीकाकरण के लिए कुल चार-चार हजार वैक्सीन की डोज मिले थे।

# शहर के हर वार्ड में हुआ एंटी लार्वा का छिड़काव

## मच्छरजनित रोगों से निजात के लिये हो रहा कार्य

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** डेंगू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए नगर पालिका ने सोमवार को नगर के सभी वार्डों के नाले-नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया। एंटी लार्वा के छिड़काव से ही इस बार वर्षा के मौसम में मच्छरों की संख्या कम हुई है।

मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिये नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने एक साथ पूरे शहर के नाले-नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव का निर्देश दिया था जिसके तहत सोमवार को नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने दो मैजिक पर मशीन रखकर तथा दो ही सफाई कर्मियों द्वारा पीठ पर मशीन रखकर एंटी लार्वा का छिड़काव एक-एक वार्ड में किया गया।



उन्होंने बताया कि एंटी लार्वा का छिड़काव पहले भी किया जाता रहा है और भविष्य में भी हफ्ते में एक दिन सभी वार्डों में एंटी लार्वा का छिड़काव करने की योजना बनाई गई है जिससे मच्छरों का प्रभाव समाप्त हो सके और मच्छरजनित रोगों से मुक्ति मिल सके।

# बदमाशों को संरक्षण देने में जिला पंचायत सदस्य समेत पांच गिरफ्तार

## विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** बदमाशों को संरक्षण देने आदि मामलों को लेकर लालगंज कोतवाली पुलिस ने एक जिला पंचायत सदस्य व उसके साथियों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है।

लालगंज कोतवाली पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर रविवार को शाम करीब साढे छः बजे जेठवारा थाना क्षेत्र के बढ़नी स्थित कपिल वर्मा के पोल्ट्री फार्म पर घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर वहां मौजूद आरोपीगण भागने का प्रयास किये लेकिन उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। कोतवाल लालगंज कमलेश पाल के अनुसार पुलिस ने पोल्ट्री फार्म से लालगंज तृतीय से जिला पंचायत सदस्य विश्वास प्रकाश उर्फ वीरू नागर पुत्र विवेक प्रसाद निवासी लालगंज व पोल्ट्री फार्म संचालक कपिल वर्मा पुत्र राजाराम वर्मा निवासी बढ़नी, बढ़नी निवासी राजेन्द्र वर्मा पुत्र देवीप्रसाद वर्मा तथा नीरज वर्मा पुत्र रामलखन वर्मा व लालगंज के भदारीकला निवासी सर्वेश गौतम पुत्र उमेश गौतम को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक एक तमंचा तथा मौके से एक एक्सयूवी कार की बरामदगी भी की है। आरोपितो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपितों से पुलिसिया पूछताछ मे जानकारी मिली कि रविवार सुबह जलेशरगंज मे व्यापारी को गोली मारकर घायल करने वाले तीनों बदमाशो के साथ भी इनकी संलिप्तता है। आरोपियों ने बताया कि जलेशरगंज मे व्यापारी मनीष को गोली मारकर घायल करने के बाद तीनों बदमाश यहां पोल्ट्री फार्म पर आये थे। इसके बाद यहां से लक्ष्मणपुर की ओर चले गये। यह जानकारी मिलने पर एसपी सतपाल अंतिल के निर्देशन मे पुलिस ने रघवापुर जंगल की घेराबंदी की। इसके बाद पुलिस मुठभेड़ के दौरान तीनों बदमाश गिरफ्तार कर लिये गये। इधर जिला पंचायत सदस्य समेत गिरफ्तार सभी पांचों आरोपितों को पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया।

### शिक्षक दिवस पर आदर्श शिक्षकों का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शिक्षक दिवस के अवसर पर रविवार शाम क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर मे सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमे क्षेत्र के आदर्श शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सगरा सुंदरपुर प्रधान प्रतिनिधि संतोष जायसवाल व शिक्षक राजेश मिश्र ने संयुक्त रूप से डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक रामकुमार मिश्र, दयाशंकर गिरि, अरूण कुमार श्रीवास्तव, अजय पाण्डेय, हरिवंश शुक्ल, राहुल शुक्ल, नागेन्द्र भूषण शुक्ल, रविकांत कुंदन को अंगवस्त्रम व सम्मान पत्र प्रदान कर आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान नीतेश सिंह वीरू, राजेश मिश्र आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। आयोजक अनूप त्रिपाठी ने लोगों का स्वागत किया। रमेश पाण्डेय ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी संजय शुक्ल रहे। इस मौके पर अंकित तिवारी, श्याम तिवारी, प्रमोद शुक्ल, कुलदीप, राजेश पाण्डेय, उमेश तिवारी, संजीव तिवारी, अंकुर तिवारी, जयप्रकाश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### रंगदारी न मिलने पर आरोपियों ने किया हमला, महिला घायल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोटेदार के घर पहुंचे दबंगों ने उससे रंगदारी मांगने लगे। इस दौरान आरोपियों ने कोटेदार की पत्नी को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर घायल कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने जेवरात व मोबाइल सहित नगदी छीनकर भाग निकले। पीड़ित ने दीवानगंज चौकी में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। कंधई थाना क्षेत्र के सहसपुर निवासी जयराम गुप्ता गांव का कोटेदार है। रविवार की देर शाम उसके घर गांव के एक दबंग तथा पड़ोसी गांव के दो लोग पहुंचे तथा उसके प्रति माह तीन हजार रुपये रंगदारी देने की बात कहने लगे जिसे देने से कोटेदार ने इनकार किया तो दोनों के बीच मारपीट होने लगी। कोटेदार को बचाने पहुंची उसकी पत्नी अनारा देवी (65) को आरोपियों ने लाठी-डंडे तथा धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने कोटेदार की पत्नी के कान का झुमका, पायल तथा मोबाइल के साथ साढे चार हजार रुपया छीन लिया। हल्ला गुहार पर जब आसपास के लोग पर पहुंचे तो आरोपी मौके से फरार हो गये। सोमवार को डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल कोटेदार की पत्नी को इलाज के लिए सीएचसी बाबा बेलखरनाथ धाम भेजा, जहां गंभीर चोट के कारण उसे मेडिकल कालेज प्रतापगढ़ रेफर कर दिया गया। पीड़ित कोटेदार ने मामले में गांव के एक युवक सहित तीन लोगों को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

# धोखाधड़ी कर पैसे ठगने वाले पांच शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

## 54475 रुपये नकद, तीन मोटरसाइकिल, आठ मोबाइल बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा धोखाधड़ी करने वाले पांच शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 54475 रूपये नकद, एक ब्रीफकेश, तीन मोटर साइकिल, नोट की गड्डी की तरह दिखने वाली सफेद कागज की गड्डी जिसके ऊपर व नीचे 500-500 के एक-एक नोट लगे हुए हैं व आठ मोबाइल फोन व बरामद करने में सफलता मिली है।

बता दें कि पांच सितम्बर को थाना कोतवाली नगर पर वादी साहेब आलम पुत्र स्व0 शरीफ अहमद निवासी बिलोई थाना बादशाहपुर जनपद जौनपुर द्वारा यह लिखित सूचना दी गई कि, प्रार्थी सैफ्टी टैंक लगाने के बहाने अज्ञात व्यक्ति अपना नाम अशोक कुमार सिंह व जाहिद बताते हुए यह कहे कि हमारे मालिक एक मारवाड़ी हैं जो कि बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर का काम करते हैं, जिनकी बिल्डिंग गौरीगंज, जनपद अमेठी में बनी है। उसमें 36 सैफ्टी टैंक लगाना है। उन दोनों की बात पर मैं विश्वाश करते हुए काम करने हेतु तैयार हो गया था। 28 अगस्त को अशोक सिंह ने प्रार्थी को फोन कर प्रदीप होटल, निर्मल चौराहा, थाना कोतवाली नगर, प्रतापगढ़ बुलाया, जहां पर उसके साथ जाहिद, दीपू सिंह, बृजेश सिंह व राममिलन भी थे। उन सभी के द्वारा सेफ्टी टैंक दिलाने के नाम पर मुझसे ए लाख रूपये लिये गये व कहा कि दो दिन बाद एग्रीमेन्ट होगा। फिर 31 अगस्त को लीलावती होटल, प्रतापगढ़ में इन लोगों के द्वारा मुझसे 65 हजार रूपये व तीन सितम्बर को प्रदीप होटल, निर्मल चौराहा, थाना कोतवाली नगर, प्रतापगढ़ में पुनः एक लाख रूपये लिये थे और मुझे अगले दिन एग्रीमेन्ट देने के लिए बुलाया था। चार सितम्बर को प्रतापगढ़ आने के बाद मुझे यह ज्ञात हुआ कि उक्त सभी युवक धोखाधड़ी करते हैं और मुझसे धोखाधड़ी कर दो लाख 65 हजार रूपये ठग लिये। उक्त मुकदमें की विवेचना के क्रम में वादी द्वारा यह सूचना दी गई कि उक्त धोखाधड़ी करने वाले लोगों द्वारा आज 6 सितम्बर को मुझे विकास भवन, प्रतापगढ़ पास बुलाया गया है और यह कहा गया कि आज हमारे मालिक आ रहे हैं, आइये और मिल लीजिए, आते समय दस हजार रूपये लेते आना, तुम्हारा काम हो जाएगा। इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर पुलिस, वादी के साथ विकास भवन के पास पहुंची और वादी के द्वारा बताए गये पांच व्यक्तियों को पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अशोक कुमार सिंह पुत्र स्व0 रामकरन सिंह निवासी पहाड़पुर थाना सुजानगंज, जनपद जौनपुर, राम मिलन सिंह पुत्र रामराज सिंह निवासी पहाड़पुर थाना सुजानगंज, जनपद जौनपुर, जाहिद खान पुत्र स्व0 सलीम खान निवासी पचौरी थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़, दीपू सिंह पुत्र स्व0 लल्लन सिंह निवासी ढकवा ब्राहिमपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ व बृजेश सिंह पुत्र छुटकू सिंह निवासी बीबीपुर थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ शामिल हैं।



### रंजिश में युवक की पिटाई, दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर मारपीट करने व जानलेवा धमकी देने की घटना को लेकर पीड़ित ने सोमवार को पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के चाहिन गांव निवासी सुखराम सरोज के पुत्र हरिश्चंद्र सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती पांच सितंबर को शाम करीब छः बजे रंजिश को लेकर गांव के कुछ लोग उसके दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। पीडित के मना करने पर आरोपियो ने उसे जमकर मारापीटा। पीडित के शोर मचाने पर गांव के लोगों को आते देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, घटना की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मंडलायुक्त ने बच्चों के साथ बैठकर खाया खाना

## प्राथमिक विद्यालय लखनो के बच्चों द्वारा सही पहाड़ा सुनाने पर दिया एक हजार का पुरस्कार

### मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने अस्पताल सहित विभिन्न स्थलों का किया औचक निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** मंडलायुक्त/नोडल अधिकारी योगेश्वर राम मिश्र ने आज जनपद के कई स्थानों का औचक निरीक्षण किया। जिला अस्पताल के भ्रमण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, डेंगू वार्ड, पीकू वार्ड और प्रयोगशाला का गहन निरीक्षण किया। इसके बाद कमिश्नर ने अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन ऑक्सीजन प्लांट का मुआयना किया।

उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिया कि ऑक्सीजन प्लांट के पास जो गंदगी है उसे तत्काल साफ करवा के वहां पर पेड़-पौधे लगाए जाएं। मंडलायुक्त मरीजों से बात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और मरीजों से मास्क लगाने का आग्रह किया।अस्पताल भ्रमण के पश्चात आयुक्त ने ज्ञानपुर के वार्ड नंबर एक का निरीक्षण किया और अधिशाषी अधिकारी को निर्देश दिया कि घरों से निकले कूड़े को फेंकने के लिए डस्टबिन अवश्य रखवाएं। मंडलायुक्त ने स्थानीय लोगों से भी बात की और वार्ड की साफ-सफाई के संबंध में जानकारी ली। इसके पश्चात कमिश्नर का काफिला प्राथमिक विद्यालय लखनो पहुंचा। जिस समय कमिश्नर यहां पहुंचे, मिड डे मील का समय हो गया था और बच्चे आज के मेन्यू के हिसाब से बनी रोटी और सब्जी खा रहे थे।



### दिसंबर तक पूरी की जाएं 50 लाख की परियोजनाएं

इसके पश्चात मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। उन्होंने 50 लाख के ऊपर की परियोजनाओं के संबंध में यह निर्देश दिया कि सभी कार्य 30 दिसंबर तक अवश्य पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने सीएनडीएस, यूपीपीसीएल, जल निगम एवं पीडब्ल्यूडी आदि कार्यदायी संस्थाओं से समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिया। कमिश्नर ने ईओ भदोही से कान्हा गौशाला का कार्य दिसंबर तक अवश्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। डीएम और सीडीओ को निर्देश दिया कि सभी कार्यों की प्रगति निरंतर देखें और उसकी नियमित समीक्षा करते रहें। इस अवसर पर उपस्थित जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी प्रवीण मालवीय मौजूद रहे।



### खाने की गुणवत्ता में सुधार की हिदायत

स्कूल परिसर में बच्चों को कतारबद्ध देख कमिश्नर ने स्वयं भी बच्चों के साथ बैठकर खाना खाया और खाने की गुणवत्ता चेक की। उन्होंने खाने की गुणवत्ता को और सुधारने का निर्देश दिया। मातहत अफसरों को निर्देशित किया कि वह लोग प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में दोपहर बनने वाले खाने की गुणवत्ता जरूर परखें।खाना खाने के बाद मंडलायुक्त ने क्लास में जाकर बच्चों की पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली और बच्चों से 12 और 13 का पहाड़ा पूछा। सही पहाड़ा सुनाने पर उन्होंने अध्यापकों की तारीफ की और बच्चों को 1000 रुपये उपहार स्वरूप प्रदान किया। इसके पश्चात 100 सैया कैंपस में बने रहे डायलिसिस हाल का निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था को हिदायत दी।



# जलजमाव : गढ्ढें में तब्दील हुई रोड, ग्रामीणों में आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**

**मोढ़।** सुरियावां विकास खंड के ग्राम सभा बलभद्रपुर की सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं बरसात के मौसम में जल जमाव होने के चलते लगभग दो सौ मीटर की सड़क पूरी तरह से गढ्ढे में तब्दील हो गई है। पानी निकासी की व्यवस्था न होने के चलते यह सड़क लोगों के लिए नर्क साबित हो रहा है। जिससे उक्त गांव के लोगों के साथ ही आने जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन इसमें बाइक व साइकिल सवार गिरकर चोटिल होते रहते हैं।गौरतलब हो कि उक्त रोड पीडब्लूडी विभाग की ओर से बनाई गई है। वहीं ग्रामीणों के सूचना देने के बाद भी उक्त सड़क पर विभागीय अधिकारियों की नजरे इनायत नहीं हो रही है। इस संबंध में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान श्यामसुंदर यादव ने बताया कि उनके द्वारा उक्त के संबंध में विधायक जी को कई बार अवगत भी कराया गया, लेकिकन वहां से सिर्फ आश्वास ही मिल रहा है। कई दिनों से बारिश ना होने पर भी वहां पर अभी तक जलजमाव जमा है। जिससे मच्छर पनप रहे हैं जिससे यहां रहने वालो को डेंगू सहित अन्य बीमारियां पनपने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि बनकट फाटक से लेकर बलभद्रपुर, कोछिया समेत दर्जनों गांवों के लोगों का इसी रोड से आना जाना रहता है। जो भी इस रोड से जाता है प्रधान से लेकर उच्च अधिकारियों और सरकार को कोसते हुए जाते हैं।

# बकाये मानदेय को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों में रोष

## बैठक कर अधिकारियों पर लगाया शोषण का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** महिला आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ की बैठक भदोही ब्लाक परिसर स्थित मंदिर पर हुई। बैठक में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को कार्य करने में आ रही समस्याओं व उनके बकाए मानदेय को न दिए जाने तथा विभागीय अधिकारियों द्वारा किए जा रहे शोषण व उत्पीड़न पर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित संघ के संरक्षक जय कुमार सिंह ने कहा कि जनपद की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने कोरोना काल जैसी विषम परिस्थितियों में भी कार्य किया व अपने दायित्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किया, बावजूद उन्हें सम्मानित कर प्रोत्साहित नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जनपद भदोही की आंगनवाड़ी कर्मियों को अक्टूबर 2017 से फरवरी 2018 तक के मानदेय का भुगतान आज तक नहीं किया गया जो विभागीय अधिकारियों के तानाशाही रवैये को दर्शाता है। जिससे आंगनवाड़ी कर्मी मुखर होकर अपने उत्पीड़न व शोषण की बात न कह सके। संरक्षक ने विभाग से यथाशीघ्र बकाए मानदेय के भुगतान की मांग की है। ऐसा न करने पर जनपद की समस्त कार्यकत्रियां कार्य का बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन करने को विवश होगीं। बैठक में उपस्थित कार्यकत्रियों नें बताया कि हमारे केन्द्रों पर लाभार्थियों की संख्या के हिसाब से वितरण सामग्री विभाग द्वारा नहीं दी जाती है, जिसके कारण आए दिन समूह आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व लाभार्थियों के बीच विवाद व तनाव की स्थिती बनती है। उपस्थित कार्यकत्रियों ने लाभार्थी संख्या के हिसाब से वितरण सामग्री उपलब्ध कराने के मांग करते हुए बिचौलिए के रूप में समूह को हटाए जाने की मांग की। बैठक में नीलम देवी, सुदामा देवी, अंजना मौर्या, कंचन देवी, रश्मी दूबे, रेखा देवी, उर्मिला देवी, लालती देवी, उषा सिंह, मंगीता आदि उपस्थित रही।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों का सामूहिक इस्तीफा

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज भदोही ।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संस्थापक सदस्य व संयोजक रामकुमार दुबे ने 05 सितंबर 2021 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। त्यागपत्र की घोषणा होते ही जनपद की शिक्षक राजनीति में भूचाल आ गया। सभी शिक्षक हैरान हो गए। इस सम्बन्ध में रामकुमार से पूछने पर उन्होंने बताया कि शिक्षकों के हित को प्रभावित होता देख वे बेहद व्यथित थे, जिस कारण उन्हें ये निर्णय लेना पड़ा। रामकुमार ने बताया कि वे सदैव शिक्षकों के साथ है किसी प्रकार की कोई समस्या होने पर कोई भी शिक्षक उनसे कभी भी सहायता प्राप्त कर सकता है। आगे भी वे शिक्षकों के हित के लिए सदैव ततपर रहेंगे और जहां शिक्षक हित प्रभावित होगा विरोध का पहला स्वर उनका ही होगा। उनकी इस पहल का जनपद के शिक्षको ने स्वागत किया है। उनके साथ उनकी टीम के 11 और लोगों ने प्रदेश को अपना इस्तीफा प्रेषित किया है, जिनमे जगदीश चन्द्र श्रीवास्तव, चंद्रभूषण यादव, दिलीप शुक्ला, आशीष सिंह, अनुराग शुक्ला, परीश पांडेय, नवनीत व रत्नेश आदि शिक्षक नेता शामिल रहे।

# अध्यापिका ने लगाया प्रधानाचार्य पर छेड़छाड़ करने का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही ।** जनपद के सुरियावां थाना क्षेत्र के एक राजकीय हाईस्कूल की अध्यापिका ने प्रिंसिपल पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। पीड़िता अध्यापिका की तहरीर पर प्रधानाध्यापक लालचन्द गौतम पर सुरियावां पुलिस ने सम्बधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गयी हैं।जिलाधिकारी को पत्रक देकर अध्यापिका ने अवगत कराया था कि प्रिंसिपल साहब विद्यालय में कपड़े से कुर्सी मेज साफ कर रहे थे, उसी समय मैंने उनको ज्येष्ठता एवं उम्र का ख्याल रखते हुए उनसे कहा कि सर आप क्यों साफ कर रहे हैं, ये सब आपसे अच्छा नहीं लगता, कपड़ा दीजिए मैं साफ कर देती हूँ। मैं उनकी कुर्सी, मेज साफ कर रही थी, उसी समय उन्होंने मेरी तरफ बुरी नियत से घुरते हुए अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। मेरे साथ गलत हरकत व छेड़छाड़करने लगे।उन्होंने मुझे धमकी देते हुए कहा कि अगर तुमनें किसी से कहा तो मैं तुझे जान से मरवा दूँगा।पीड़िता ने बताया कि इस बात की सूचना दिनांक 28-08-2021 को कोतवाली ज्ञानपुर को दिया प्रभारी कोतवाली ज्ञानपुर ने प्रभारी चौकी कस्बा ज्ञानपुर को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया।उन्होंने रिपोर्ट दर्ज न करके 3 सितम्बर को कहा कि यह घटना सुरियाँवा थाना की है। प्रार्थिनी 3 सितम्बर को ही सुरियाँवा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु गई। किन्तु प्रभारी कोतवाली सुरियावा ने कहा कि इसमें जिलाधिकारी अथवाअन्य किसी उच्च अधिकारी की अनुमति जरूरी है ,तभी हम एफआईआर दर्ज कर पायेंगे।पीड़िता ने एफआईआर दर्ज कराने के लिए जिलाधिकारी से गुहार लगाई है।जिलाधिकारी से गुहार लगाने के बाद अध्यापिका की तहरीर पर सुरियावां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी 354 (क),506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

# सम्मानित किए गए राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक आशीष कुमार



**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय ज्ञानपुर पर मिशन शिक्षण संवाद द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व प्रथम भारत रत्न व देश के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान आयोजित सम्मान समारोह में वर्ष 2019 के राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक आशीष कुमार सिंह (प्रधानाध्यापक, उच्च प्राथमिक विद्यालय, भुलईपुर, ज्ञानपुर) का अभिनंदन किया गया।

राज्य अध्यापक पुरष्कार प्राप्त शिक्षक अखिलेश कुमार ने कहा कि आशीष कुमार सिंह ने प्रदेश स्तर पर नवाचार की शुरुआत कर नवाचारों को प्रारंभ करने की अलख जगाई। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है। अरविंद कुमार पाल ने कहा कि आप का अनुकरण कर हम जैसे नवाचारी पैदा हुए हैं। आशीष जी हम सबके लिए सदा प्रेरणा श्रोत बने रहेंगे। मानिक चन्द्र यादव ने कहा कि आशीष जी वास्तव में विद्यालय के लिए पूर्णतः समर्पित शिक्षक हैं। आप 24 घंटे विद्यालय विकास व बच्चों की शैक्षिक क्षमता संवर्धन के लिए ही प्रयासरत रहते हैं। आप जैसे शिक्षक जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश स्तर पर परिषदीय शिक्षकों के गौरव हैं। समारोह का संचालन बीएल पाल ने किया। कार्यक्रम में राज नारायण पाल, विनोद कुमार बिंद, ज्योति कुमारी, तेज बहादुर पाल, अरविंद कुमार पाल, अखिलेश कुमार, संजय कुशवाहा, छविनाथ यादव, अजय कुमार सिंह, चंद्रभूषण मिश्र, राजू यादव, सूर्य भूषण पटेल, नीरज कुमार मौर्य, शिवाकांत यादव, हरिशंकर यादव आदि शिक्षक मौजूद रहे।



### लायंस क्लब ने अवकाश प्राप्त शिक्षकों को किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** लायंस क्लब ज्ञानपुर के बैनर तले आयोजित एक सम्मान समारोह में अवकाश प्राप्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन गड़ौरा पूर्व माध्यमिक विद्यालय, अभोली में किया गया, जिसमें पांच अवकाश प्राप्त शिक्षकों को अंगवस्त्रम, भगवत गीता, सम्मानपत्र भेंटकर सुखद भविष्य की कामना की गई।पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में लॉयन शिक्षक सेवा सम्मान से रिटायर्ड शिक्षक हरिहरनाथ पांडेय (विभूति नारायण राजकीय इंटर कालेज, ज्ञानपुर), शारदा प्रसाद सिंह (पूर्व माध्यमिक विद्यालय, गंगारामपुर, अभोली), हरिशंकर सिंह, ( पूर्व माध्यमिक विद्यालय, गड़ौरा, अभौली), रिटायर्ड शिक्षक लालजी पांडेय (इंटरमीडिएट कॉलेज, दुर्गागंज,भदोही), जगत बहादुर सिंह (पूर्व माध्यमिक विद्यालय, गड़ौरा, अभोली) का मान बढ़ाया गया।कार्यक्रम का संयोजन लॉयन विमलेश पांडेय ने किया। स्वागत भाषण लॉयन डॉ भारतेंदु द्विवेदी और धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष लॉयन विनोद कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में सचिव लॉयन संजय कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष लॉयन कमल कुमार, पूर्व अध्यक्ष लॉयन रमेश चंद्र त्रिपाठी, लॉयन हरेंद्र प्रताप सिंह, लॉयन आनंद तिवारी, लॉयन अभय श्रीवास्तव के अतिरिक्त लॉयन आनंद गुप्ता लॉयन प्रमोद कुमार गुप्ता, हरिनारायण सिंह, सुग्रीव बहादुर सिंह, अकबाल बहादुर, प्रवीण कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, वंदना सिंह, देवेंद्र सिंह, हुबलाल पंकज, फूलचंद पंकज, उदयराज सिंह, जीतनारायण शुक्ला, लालमणि चौबे मौजूद रहे। संचालन लॉयन अरविंद भट्टाचार्य एमजेएफ ने किया।

# कोविड टीकाकरणःमेगा कैंप में टीकाकरण के लिए लगी लंबी लाइन

## नियंत्रण के बाहर भीड़ होने पर बुलानी पड़ी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज के अधीनस्थ प्राथमिक विद्यालय सहित 12 गांव के विभिन्न जगहों पर 15 स्थानों पर कसियापुर, चकटोडर सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कोविड-19 टीकाकरण मेगा कैंप का आयोजन पूरे जिले में किया गया है। जिसके अंतर्गत गोपीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को टीकाकरण के दौरान भीड़ अनियंत्रित होने पर पुलिस को बुलानी पड़ी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक आशुतोष पांडेय ने बताया कि शासन के निर्देश पर मेगा कैंप का आयोजन किया गया है। जहां 18 वर्ष से लेकर के ऊपर तक के लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है। कोविड-19 टीकाकरण की जानकारी मिलते ही गांव से लोग सुबह से ही अस्पताल में पहुंचना शुरू कर दिए, जबकि कई गांवों में यह कैंप का आयोजन किया गया है। गोपीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन टीमें लगाई गई है। अभी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीनस्थ 15 स्थानों पर लगभग 3000 के ऊपर तक टीकाकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 टीकाकरण का विशेष संवेदीकरण एवं लक्षण युक्त व्यक्ति चिन्ही करण अभियान 7 सितंबर से 16 सितंबर तक 10 दिन का अभियान चलाया जाएगा, जो गांव-गांव घर-घर जाकर संग्रह चार प्रकार के मरीजों को चिन्हित करेंगे जो भी मरीज पाए जाएंगे उनका नाम चिन्हित कर उन्हें टीकाकरण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव में टीमें जो लगाई जाएंगी वह खांसी, जुखाम, बुखार, 0 से 2 वर्ष के बच्चे जो टीकाकरण से वंचित है, गर्भवती महिलाओं की सूचना जिनको नियमित टीकाकर से वंचित हैं, 45 वर्ष से अधिक आयु के कोविड-19 टीकाकरण से छुटे हुए हैं। यह चार प्रकार की जानकारियां हासिल करेंगे। टीम में आशा एवं एएनएम सहित सीएचसी पर लगाया गया है। टीकाकरण में एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज के कर्मचारी नीता सिंह, आशा सिंह, पुष्पा चौहान, एंजलीना, आजाद विश्वकर्मा सहित अन्य कर्मी सहयोग में लगे रहे।



# गोपालापुर में सिद्धार्थ सिंह का किया गया स्वागत और अभिनन्दन

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज भदोही।** कोईरौना क्षेत्र के गोपालापुर में नमामि गंगे के जिला संयोजक मातास्वरूप शुक्ला के आवास पर सोमवार को सिद्धार्थ सिंह का किया स्वागत और अभिनन्दन किया गया।

गोपालापुर में अभिनन्दन के दौरान मातास्वरूप शुक्ला ने मंत्रोच्चार के साथ तिलक लगाकर सिद्धार्थ सिंह पुष्पों से स्वागत किया। समारोह के दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आये ग्राम प्रधान, बीडीसी और सम्मानित लोगो ने भी स्वागत किया। सिद्धार्थ सिंह ने माता स्वरूप शुक्ला के स्वर्गीय दो बड़े भाइयों के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर नमन किया। सिद्धार्थ सिंह लोगो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगो के साथ मै हमेशा हूं और आप लोग के दुःख सुख में तैयार हूं। नमामि गंगे के जिला संयोजक ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि सिद्धार्थ सिंह के परिवार से भदोही का पुराना संबंध है और आगे भी यह संबंध और मजबूत होगा। इस मौके पर अरूण मिश्र, श्रीकांत ओझा, शास्त्री तिवारी, आनन्द शुक्ला, राजधर तिवारी, नरेन्द्र महेन्द्र, श्यामनारायण, श्रीराम विश्वकर्मा, गोपाल शर्मा, प्रेमशंकर समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# जहा होगी सड़कें, वही होगा विकास : ओमप्रकाश

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज, भदोही ।** भारतीय जनता पार्टी सरकार के मोदी व योगी राज में सिर्फ कागजों पर काम हो रहा है। योगी जी के गोरखपुर मेडिकल कालेज में मरीज जाते ही नही, कारण सिर्फ सुविधाओ का न होना।

इनकी सरकार सिर्फ मेडिकल कालेजों का शिलान्यास कर रही है। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के पूर्व पर्यटन मंत्री ओमप्रकाश सिंह ने राजमार्ग स्थित सपा नेता ऋषि सिंह बघेल के आवास पर वाराणसी जाते समय मीडिया से हुई बातचीत में कही। उन्होंने मौजूदा सरकार पर कमर तोड़ महंगाई का आरोप लगाया। कहा खाद्य सामानों के साथ पेट्रोल डीजल रसोई गैस की महंगाई रोकने पर सरकार विफल है। वही



देश की सीमाएं भी अब सुरछित नही है। आये दिन आतंकवादी संघटने सेना को अकारण मार रही। जहा भी सरकार बिफल साबित हो रही। सपा की सरकार में मुलायम सिंह व अखिलेश ने जो भी कार्य किये वह जनता, किसानों, महिलाओं के हित में रहा। पंचायत चुनाव में खूब खरीद फरोख्त हुई, लेकिन कोई कार्यवाही नही की गई। कोरोना से मरने वालों के आंकड़े भी गलत बताए गए। आने वाले समय मे जनता इसका हिसाब जरूर लेगी। इस मौके पर ओम प्रकाश यादव, आसिफ खान, मंटू सिंह, रुद्रजी, महेश गुप्ता, जफर अंसारी आदि लोग रहे।

## सम्पादकीय

### सीबीआई की जांच

सीबीआई के कामकाज में सरकार के बेजा दखल देने और इस जांच एजेंसी का राजनीतिक इस्तेमाल किए जाने की बात भी काफी पहले से कही जाती रही है। 2013 में ही सुप्रीम कोर्ट ने एक चर्चित मामले में सीबीआई को पिंजरे का तोता बता दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने देश की प्रीमियर जांच एजेंसी सीबीआई से यह बताने को कहा है कि उसके द्वारा दर्ज किए गए मामलों में कितने अभी लंबित हैंए वे कितने समय से लंबित हैं और कितने फीसदी मामले अपनी तार्किक परिणति तक पहुंचते हैं। शीर्ष अदालत ने यह निर्देश उस अपील की सुनवाई के दौरान दियाए जिसमें एक मामले में सीबीआई द्वारा 542 दिनों की देरी की बात कही गई थी। कोर्ट ने ठीक ही कहा कि किसी भी मामले में सीबीआई का केस दर्ज करके जांच शुरू कर देना ही काफी नहीं होता। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि मामला अपनी तार्किक परिणति तक पहुंचे और दोषियों को वाजिब सजा मिले। हालांकि अदालत में सीबीआई की नुमाइंदगी कर रहे अडिशनल सॉलिसिटर जनरल संजय जैन ने कहा कि भारत जैसे देश में मुकदमों का फैसला आना कई कारकों पर निर्भर करता है। इसलिए सक्सेस रेट को जांच एजेंसी के मूल्यांकन का एकमात्र आधार नहीं माना जा सकता। मगर अदालत का कहना था कि जो पूरी दुनिया के स्तर पर पैमाना माना जाता हैए सीबीआई के मामले में उसे लागू न करने का कोई कारण नहीं। बहरहालए सीबीआई के कामकाज पर यह शीर्ष अदालत की कोई पहली टिप्पणी नहीं है। इसी अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान कहा था कि कर्तव्यपालन में भारी लापरवाही के कारण कोर्ट में केस फाइल करने में असामान्य देर होती है।

सीबीआई के कामकाज में सरकार के बेजा दखल देने और इस जांच एजेंसी का राजनीतिक इस्तेमाल किए जाने की बात भी काफी पहले से कही जाती रही है। 2013 में ही सुप्रीम कोर्ट ने एक चर्चित मामले में सीबीआई को पिंजरे का तोता बता दिया था। आशय यह था कि जांच एजेंसी अपने मन से कुछ नहीं करतीए अपने मालिक यानी सरकार की बात दोहराती रहती है। तब से सीबीआई को स्वायत्त बनाने की बातें तो बहुत हुईंए लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पिछले महीने भी सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों की जांच में देरी के सवाल पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर केस में दम है तो आपको चार्जशीट फाइल करनी चाहिएए लेकिन अगर आपको कुछ नहीं मिलता है तो मामला खत्म होना चाहिए। बेवजह तलवार न लटकाए रखें। साफ है कि ऐसे मामले जब तक लटके रहें संबंधित सांसदोंए विधायकों पर एक अंकुश बना रहता है कि वे सरकार से पंगा न लेंए उनके खिलाफ चल रहे मामलों में शिकंजा कसा जा सकता है। बहरहालए टिप्पणियों और आलोचनाओं से ज्यादा जरूरी है सही हालात का पता चलना। तभी उनके कारणों पर विचार करके हालात को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट का ताजा निर्देश उस दिशा में एक ठोस कदम है। उम्मीद की जाए कि इससे न केवल सीबीआई के कामकाज का सही मूल्यांकन हो सकेगा बल्कि उसे बेहतर बनाने की भी राह खुलेगी।

# आईएसएस की सोच तालिबानी है या इस तरह की बात करने वाले अज्ञानी हैं

**नीरज कुमार दुबे**

क्या आरएसएस की सोच तालिबानी है। क्या आरएसएस हिंदू राष्ट्र बनाने के एजेंडे पर काम कर रहा हैघ् क्यों कांग्रेस के नेताओं और कुछ बुद्धिजीवियों को लगता है कि आरएसएस की सोच देश के लिए घातक हैघ् आज इन सब मुद्दों का विस्तार से विश्लेषण करेंगे। देश में एक चलन बन गया है कि जब भी तथाकथित बुद्धिजीवियों या राजनीतिक दलों के नेताओं को लगे कि मीडिया की सुर्खियों में आना है या अपने नेतृत्व की नजर में जगह बनानी है तो सबसे आसान काम है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर हमला बोल दो। दुनिया के सबसे अनुशासित और देशभक्त संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ;आरएसएसद्ध की तुलना कभी राहुल गांधी अरब जगत के इस्लामी संगठन मुस्लिम ब्रदरहुड से करते हैं तो कभी जावेद अख्तर जैसे कथित बुद्धिजीवी संघ की सोच और विचारधारा पर सवाल उठाते हुए उसको तालिबानी करार देते हैं। कभी आजादी के आंदोलन में संघ के योगदान पर सवाल उठाये जाते हैं तो कभी आरएसएस की विचारधारा पर हमला बोला जाता है। लेकिन इन सब हमलों से बेपरवाह संघ राष्ट्र निर्माणए व्यक्ति निर्माण के कार्यों में सतत लगा हुआ है। आलोचनाएं या हमले संघ कार्य को ना कभी प्रभावित कर पाये ना कर पायेंगे क्योंकि संघ किसी सरकार या पार्टी से मिलने वाली मदद पर नहीं आत्मनिर्भर है। जो लोग भारत में संघ के कार्यों को लेकर शंका जाहिर करते हैं उन्हें पता होना चाहिए कि संघ के आनुषांगिक संगठन दुनिया के कोने.कोने में फैले हैं और मानव सेवा के कार्य कर रहे हैं।

जहां तक संघ पर हालिया हमले की बात है तो गीतकार जावेद अख्तर ने आरएसएस की तुलना तालिबान से करते हुए कहा है कि संघ परिवार और उसके आनुषांगिक संगठनों. विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल का भी उद्देश्य वही है जो तालिबान का है। अंग्रेजी समाचार चैनल एनडीटीवी से बातचीत में जावेद अख्तर ने दावा किया कि भारतीय संविधान आरएसएस के लक्ष्य की राह में आड़े आ रहा है लेकिन अगर मौका मिला तो यह लोग उस सीमा को पार कर जाएंगे। जावेद अख्तर का यह बयान निजी खुन्नस का एक स्वरूप ही प्रतीत होता है क्योंकि उनके कथन से स्पष्ट है कि पढ़ने.लिखने की आदत होने के बावजूद उन्होंने ना तो कभी संघ के बारे में पढ़ा हैए ना ही आरएसएस नेताओं के विचार सुने हैं और ना ही कभी एक सामान्य स्वयंसेवक तक से बातचीत की है।

जावेद अख्तर अगर यह कह रहे हैं कि आरएसएस भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहता है तो उनकी समझ पर तरस आता है। दरअसल आरएसएस की हिंदू राष्ट्र संबंधी सोच को जो लोग ठीक से समझ नहीं पाते वही इस तरह की बचकाना टिप्पणी करते हैं। आरएसएस का मानना है कि राष्ट्र के वैभव और शांति के लिए काम कर रहे सभी भारतीय हिंदू हैं। जिन लोगों की भावना राष्ट्रवादी है और जो लोग भारत की संस्कृति तथा विरासत का सम्मान करते हैं वो सभी हिंदू हैं। आरएसएस का मानना है कि सभी भारतीयों का डीएनए एक है चाहे वह किसी भी धर्म के हों। देखा जाये तो आरएसएस देश के सभी 135 करोड़ लोगों को हिंदू मानता है और जब भारत में सभी हिंदू हैं तो यह हिंदू राष्ट्र अपने आप ही हो गया। इसमें यह बात कहां से आई कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की साजिश चल रही है। साफ है कि ऐसी बातें सिर्फ भ्रम और डर का माहौल पैदा करने की मंशा रखने वाले लोग ही कहते हैं। हिंदुस्तान प्रथमए हिंदुस्तानी प्रथम के सिद्धांत पर कार्य करने वाले आरएसएस पर जो लोग समाज को बांटने का आरोप लगाते हैं उन्हें पता होना चाहिए कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बार.बार कहा है कि जो लोग मुसलमानों को देश छोड़ने के लिए बोलते हैं वह हिंदू नहीं हो सकते। संघ प्रमुख ने यह भी कई बार कहा है कि लोगों में इस आधार पर अंतर नहीं किया जा सकता कि उनके पूजा करने का तरीका क्या है। संघ के लिए भारतीय संविधान सर्वोच्च है और इसे वह पवित्र ग्रंथ के रूप में देखता है।

संघ के बारे में अनेकों प्रकार के दुष्प्रचार किये जाते हैंए जैसे जावेद अख्तर या राहुल गांधी आदि को सिर्फ विश्व हिन्दू परिषद या बजरंग दल ही क्यों दिखते हैंए संघ के आनुषांगिक संगठनों में तो मुस्लिम राष्ट्रीय मंच और राष्ट्रीय सिख संगत भी हैं। राहुल गांधी कई बार यह भी कह देते हैं कि संघ महिला विरोधी है क्योंकि वहां महिलाओं को कोई प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता। उन्हें पता होना चाहिए कि राष्ट्रीय सेविका समिति और दुर्गा वाहिनी भी संघ के ही आनुषांगिक संगठन है और इन्हें महिलाएं ही चलाती हैं। कई लोग बीच.बीच में संघ के ध्वज पर भी सवाल उठा देते हैं और पूछते हैं कि तिरंगे की बजाय भगवा ध्वज क्योंघ् यह सवाल पूछने वालों को पहले यह समझना होगा कि संघ के लिए भी तिरंगा ही सबसे पहले है जहां तक बात भगवा ध्वज की है तो वह संघ के लिए गुरु समान है। यह सर्वविदित है कि आरएसएस के संस्थापक डॉण् केशव बलिराम हेडगेवार थे। जब डॉण् हेडगेवार से यह आग्रह किया गया कि संस्थापक होने के नाते वह ही संगठन के गुरु बनें तो उन्होंने विनम्रतापूर्वक इंकार करते हुए हिंदू संस्कृति के प्रतीक भगवा ध्वज को गुरु के रूप में प्रतिष्ठित किया था।

यही नहींए आरएसएस की भारत भक्ति पर सवाल उठाते हुए उस पर तमाम तरह के आरोप लगा देना बड़ा आसान है लेकिन यह सबसे बड़ा सत्य और तथ्य है कि भारत में आरएसएस ही ऐसा संगठन है जो सिर्फ भारत माता की जय के नारे लगाता है और भारत माता का जयघोष चारों दिशाओं में गूँजता रहे इसके लिए निरन्तर कार्य करता है। किसी आपदा या संकट के समय आरएसएस के नेताओं को स्वयंसेवकों से मदद के लिए जुटने का आग्रह या आह्वान नहीं करना पड़ता बल्कि राहत कार्यों में सरकारी एजेंसियों से पहले स्वयंसेवक ही जुट जाते हैं।

बहरहालए संघ को समझना आसान भले नहीं हो लेकिन नामुमकिन भी नहीं है। संघ पर किसी भी प्रकार का आरोप लगाने से पहले जरा संघ की शाखा में जाना शुरू कीजियेए आपकी राय अपने आप बदल जायेगी। संघ ने समय.समय पर अपने बारे में भ्रम दूर करने के लिए सर्वसमाज को आमंत्रित करते हुए सम्मेलनों का भी आयोजन किया है। कभी मौका लगे तो ऐसे सम्मेलनों का हिस्सा बनिये और अपने मन के और दूसरों के मन के भ्रम को भी दूर कीजिये। जहां तक संघ पर तालिबानी संगठन होने का आरोप लगाने की बात है तो संघ तालिबानी नहीं बलिदानी संगठन है और देश तथा समाज के लिए इसने अनेकों बलिदान किये हैं। आजादी के आंदोलन में भले संघ से ज्यादा किसी अन्य संगठन का योगदान रहा हो लेकिन आजाद भारत के निर्माण में संघ से ज्यादा योगदान किसी अन्य संगठन का नहीं है।

# कॉमन रूमरू शिक्षक दिवस मना लिया तो बस जिम्मेदारी खत्म!

**प्रो. राम मोहन पाठक**

शिक्षक दिवस की परंपरा का यह हीरक जयंती वर्ष है। विख्यात शिक्षाविद्ए तत्कालीन उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस ;5 सितंबरद्ध को राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षक दिवस की मान्यता प्रदान करते हुए 1962 से यह परंपरा शुरू हुई। 60वें शिक्षक दिवस हमारे लिए आत्म विवेचना का अवसर भी होना चाहिए। आखिर शिक्षक दिवस की सार्थकता क्या हैघ् शिक्षा.शिक्षक.शिक्षार्थी के संदर्भ में इस दिवस के आयोजन का जो मूल संकल्प या लक्ष्य थाए क्या उस लक्ष्य तक पहुंचने में हम थोड़ा भी सफल हुए हैं। शिक्षक दिवस के मूल संकल्प में यह समाहित है कि समाज में शिक्षक को समुचित सम्मान और महत्व प्राप्त हो। ष्हैपी टीचर्स डेष् के संदेशों या नारों से कहीं आगे वास्तविक जीवन में और 15 लाख से अधिक देश की प्राथमिकए माध्यमिक और उच्च शिक्षा संस्थाओं में शिक्षकों को वह सम्मानए जीवन और जीविका के उत्कृष्ट साधन और समादर प्राप्त हो। इस संकल्प के पीछे प्रेरणापुरुष डॉण् सर्वपल्ली राधाकृष्णन का शिक्षक व्यक्तित्व रहा है। तमिलनाडु की राजधानी मद्रास ;अब चेन्नैद्ध से उत्तर पश्चिम में स्थित ष्मंदिरों के गांवष् तिरुत्तणि से चलकर देश के शीर्ष संवैधानिक पद तक पहुंचे राधाकृष्णन का जीवन शिक्षकों के लिए ही नहींए सभी वर्गों और पूरे विश्व के लिए आदर्श है। एक आदर्श तत्वचिंतकए दार्शनिकए विद्वान सर्वपल्ली ने मद्रास के कॉलेज से अपनी शिक्षक भूमिका शुरू की और मैसूर विश्वविद्यालयए कलकत्ता विश्वविद्यालय और एशिया के सबसे बड़े काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप मे ऐतिहासिक योगदान किया। वह दर्शन की कक्षाएं लेतेए व्याख्यान देते जिन्हें सुनने के लिए दूर.दूर से देशी.विदेशी जिज्ञासु पहुंचते थे। व्याख्यान हॉल के बाहर श्रोताओं की भीड़ इकठ्ठा हो जाती। अंग्रेज सरकार ने विश्वविद्यालय को बंद करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी। लेकिन उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय में अंग्रेजों के प्रवेश और कब्जे के अंग्रेजी शासकों के मंसूबे पर पानी फेर दिया। वर्तमान में शिक्षकों के लिए राधाकृष्णन का व्यक्तित्व और उनका योगदान तीन रूपों में प्रेरक और स्मरणीय है. उनकी अध्येता वृत्तिए पूव.र्पश्चिम के जीवन दर्शन की उनकी विशेष व्याख्या और उनका संवादी व्यक्तित्व। राधाकृष्णन कभी राजनीति में सक्रिय नहीं रहे और जीवन के अंतिम क्षण तक अपना पेशा ष्शिक्षकष् ही लिखते रहे। शिक्षकवृत्ति के प्रति उनके आग्रह और निरंतर अध्ययन में संलग्नता को विश्व स्तर पर जो सम्मान मिला वह आज के शिक्षक वर्ग के लिए सर्वथा आदर्श और अनुकरणीय है।

जब सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की घोषणा हुई और इस दिवस पर राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षकों के सम्मान की योजना बनाई गईए तब समस्त शिक्षा और राजनीति जगत ने एक स्वर में इसका समर्थन किया और इसकी सराहना की। यह राधाकृष्णन के व्यक्तित्व का सम्मान था। जीवन में सर्वोच्च सम्मान भारत रत्नए ब्रिटिश सम्मान और विश्व के अनेक देशों के सम्मान से सम्मानित भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली का जीवन त्याग की मिसाल था। विचारों में समाहित उनकी वाणी आज पूरे विश्व में आदर पाती है। ष्द फिलॉस्फी ऑफ रवींद्रनाथ टैगोरष् ;1918द्धए इस पहली पुस्तक के बाद भारतीय दर्शन और चिंतन परंपरा पर उनकी दर्जनों पुस्तकें विद्या के क्षेत्र में आज भी ऊंचा स्थान रखती हैं।

भगवद्गीता, उपनिषद्, ब्रह्मसूत्रों और पूव.र्पश्चिम के धर्मों पर उनकी पुस्तकों और विद्वत्ता के आधार पर उन्हें ष्ब्रह्म विद्या भास्करष् की अत्यंत महत्वपूर्ण उपाधि से सम्मानित किया गया। 1948 में भारत के विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग के अध्यक्ष के रूप में उनके योगदान और आयोग की संस्तुतियों की प्रासंगिकता आज भी सभी स्वीकार करते हैं। वह त्याग की प्रतिमूर्ति थे। अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही उन्होंने 1967 में गणतंत्र दिवस के अपने भाषण में स्पष्ट कर दिया थाए प्राष्ट्रपति के रूप में अगले कार्यकाल के लिए मेरी कोई अभिलाषा नहीं। ऐसे शिक्षा मनीषी की स्मृति में शिक्षक दिवस के इस हीरक जयंती वर्ष में संपूर्ण शिक्षक.शिक्षा जगत को एक बार फिर से सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन के विविध पक्षों का पुनरावलोकन कर इन्हें आत्मसात करने के लिए संकल्पित होना चाहिए। अन्यथा यह केवल एक कर्मकांड या रस्मअदायगी मात्र बनकर रह जाएगा।

# नये भारत में शिक्षकों के समक्ष श्रेष्ठ, संवेदनशील और देशभक्त युवा पीढ़ी के निर्माण की कठिन चुनौती

**प्रो. संजय द्विवेदी**

शिक्षक मनुष्य का निर्माता है। एक शिक्षक की भूमिका बच्चों को साक्षर करने से ही खत्म नहीं हो जाती बल्कि वह अपने छात्रों में आत्मबलए आदर्शए नैतिक बलए सच्चाईए ईमानदारीए लगन और मेहनत की वह मशाल भी जलाता है जो उसे पूर्ण मनुष्य बनाते हैं। .सर जान एडम्स जब हर रिश्ते को बाजार की नजर लग गयी हैए तब गुरु.शिष्य के रिश्तों पर इसका असर न हो ऐसा कैसे हो सकता है घ् नए जमाने केए नए मूल्यों ने हर रिश्ते पर बनावटए नकलीपन और स्वार्थों की एक ऐसी चादर डाल दी हैए जिसमें असली सूरत नजर ही नहीं आती। अब शिक्षा बाजार का हिस्सा हैए जबकि भारतीय परंपरा में वह गुरु के अधीन थीए समाज के अधीन थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने शिक्षकों से कुछ विशिष्ठ अपेक्षाएं की हैं और उनके निरंतर प्रशिक्षण और उन्मुखीकरण पर भी जोर दिया है। ऐसे समय में जब भारत अनेक क्षेत्रों में प्रगति की ओर अग्रसर हैए हमारे अध्यापकों की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है क्योंकि उनके जिम्मे ही श्रेष्ठए संवेदनशील और देश भक्त युवा पीढ़ी के निर्माण का दायित्व है। पूंजी के शातिर खिलाड़ियों ने जबसे शिक्षा के बाजार में अपनी बोलियां लगानी शुरू की हैं तबसे हालात बदलने शुरू हो गए थे। शिक्षा के हर स्तर के बाजार भारत में सजने लगे थे। इसमें कम से कम चार तरह का भारत तैयार हो रहा था। आम छात्र के लिए बेहद साधारण सरकारी स्कूल थे जिनमें पढ़कर वह चौथे दर्जे के काम की योग्यताएं गढ़ सकता था। फिर उससे ऊपर के कुछ निजी स्कूल थे जिनमें वह बाबू बनने की क्षमताएं पा सकता था। फिर अंग्रेजी माध्यमों के मिशनोंए शिशु मंदिरों और मझोले व्यापारियों की शिक्षा थी जो आपको उच्च मध्य वर्ग के करीब ले जा सकती थी। और सबसे ऊपर एक ऐसी शिक्षा थी जिनमें पढ़ने वालों को शासक वर्ग में होने का गुमानए पढ़ते समय ही हो जाता है। इस कुलीन तंत्र की तूती ही आज समाज के सभी क्षेत्रों में बोल रही है। इस पूरे चक्र में कुछ गुदड़ी के लाल भी महत्वपूर्ण हो जाते हैंए इसमें दो राय नहीं किंतु हमारी व्यवस्था ने वर्ण व्यवस्था के हिसाब से ही शिक्षा को भी चार खानों में बांट दिया है और चार तरह के भारत बनाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। जाहिर तौर पर यह हमारी एकता.अखंडता और सामाजिक समरसता के लिए बहुत घातक है। ऐसे कठिन समय में शिक्षक समुदाय की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है। क्योंकि वह ही अपने विद्यार्थियों में मूल्य व संस्कृति प्रवाहित करता है। आज नई पीढ़ी में जो भ्रमित जानकारी या कच्चापन दिखता हैए उसका कारण शिक्षक ही हैं। क्योंकि अपने सीमित ज्ञानए कमजोर समझ और पक्षपातपूर्ण विचारों के कारण वे बच्चों में सही समझ विकसित नहीं कर पाते। इसके कारण गुरु के प्रति सम्मान भी घट रहा है। आम आदमी जिस तरह शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहा है और अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने के आगे आ रहा हैए वे आकांक्षाएं विराट हैं। उनको नजरंदाज करके हम देश का भविष्य नहीं गढ़ सकते। सबसे बड़ा संकट आज यह है कि गुरु.शिष्य के संबंध आज बाजार के मानकों पर तौले जा रहे हैं। युवाओं का भविष्य जिन हाथों में हैए उनका बाजार तंत्र किस तरह शोषण कर रहा है इसे समझना जरूरी है। इसके चलते योग्य लोग शिक्षा क्षेत्र से पलायन कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि जीवन को ठीक से जीने के लिए यह व्यवसाय उचित नहीं है।

शहरों में पढ़ रही नई पीढ़ी की समझ और सूचना का संसार बहुत व्यापक है। उसके पास ज्ञान और सूचना के अनेक साधन हैं जिसने परंपरागत शिक्षकों और उनके शिक्षण के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। नई पीढ़ी बहुत जल्दी और ज्यादा पाने की होड़ में है। उसके सामने एक अध्यापक की भूमिका बहुत सीमित हो गयी है। नए जमाने ने श्रद्धाभाव भी कम किया है। उसके अनेक नकारात्मक प्रसंग हमें दिखाई और सुनाई देते हैं। गुरु.शिष्य रिश्तों में मर्यादाएं टूट रही हैंए वर्जनाएं टूट रही हैंए अनुशासन भी भंग होता दिखता है। नए जमाने के शिक्षक भी विद्यार्थियों में अपनी लोकप्रियता के लिए कुछ ऐसे काम कर बैठते हैं जो उन्हें लांछित ही करते हैं। सीखने की प्रक्रिया का मर्यादित होना भी जरूरी है। परिसरों में संवादए बहसें और विषयों पर विमर्श की धारा लगभग सूख रही है। परीक्षा को पास करना और एक नौकरी पाना इस दौर की सबसे बड़ी प्राथमिकता बन गयी है। ऐसे में शिक्षकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस पीढ़ी की आकांक्षाओं की पूर्ति करने की है। साथ ही उनमें विषयों की गंभीर समझ पैदा करना भी जरूरी है। शिक्षा के साथ कौशल और मूल्यबोध का समावेश न हो तो वह व्यर्थ हो जाती है। इसलिए स्किल के साथ मूल्यों की शिक्षा बहुत जरूरी है। कॉरपोरेट के लिए पुरजे और रोबोट तैयार करने की बजाए अगर हम उन्हें मनुष्यताए ईमानदारी और प्रामाणिकता की शिक्षा दे पाएं और स्वयं भी खुद को एक रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर पाएं तो यह बड़ी बात होगी।

# प्रियंका और दिग्विजय के हाथों में संघर्ष की कमान

**शकील अख्तर**

संभवतः सोनिया को सब याद आया हो और अपनी आखिरी पारी खेल रहीं उन्होंने नए नेतृत्व का साथ देने के लिए वफादार और बेखौफ लोगों को फिर खड़ा करना शुरू किया हो। दिग्विजय उनके देखे.परखे नेता हैं। चार साल पहले वे एक जोरदार बाजी पलट कार्यक्रम कर चुके हैं। उनकी नर्मदा परिक्रमा ने मध्यप्रदेश में 15 साल से जमी हुई भाजपा सरकार को उखाड़ दिया था।

विपक्ष में सबसे महत्वपूर्ण होता जनता की आवाज बनना। और यह आवाज बन जाती है जन आंदोलनों के जरिए। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी इनका महत्व समझती हैं। 2004 लोकसभा चुनाव से पहले वे खुद सड़कों पर उतरी थीं और जनता ने इसका प्रतिफल दिया था जीत के जरिए। अब सोनिया की निगाहें 2024 के लोकसभा चुनाव पर हैं। विपक्षी नेताओं के साथ बातचीत में उन्होंने सबसे ज्यादा जोर आगामी लोकसभा चुनाव पर ही दिया था। इसी क्रम में उन्होंने अपनी पार्टी को तैयार करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति की घोषणा की है। जिसमें पार्टी की महासचिव और यूपी इन्चार्ज प्रियंका गांधी को रखा है। प्रियंका आम तौर पर किसी कमेटी में नहीं होती हैं। लेकिन आंदोलनों की तैयारीए रूपरेखा बनाने और सड़क पर संघर्ष के लिए बनी इस समिति में प्रियंका को होना ही इसके महत्व को बताता है। सोनिया गांधी की निगाह में यह समिति कितनी महत्वपूर्ण है यह इससे और पता चलता है कि इसका संयोजक उन्होंने सड़क पर सबसे ज्यादा लड़ने वाले और मोदी सरकार से नहीं डरने वाले वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह को बनाया है। मोदी सरकार के सात साल और खास तौर से दूसरे कार्यकाल के ये दो साल कांग्रेसी नेताओं का परीक्षा काल रहे। बड़े.बड़े नेता जो खुद को पार्टी के छात्र संगठन एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस से निकला बताते थे इस दौर में सत्ता की प्रशंसा करते देखे गए। हालांकि यह क्रम 2014 से चालू था। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता घुमा.फिराकर प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते थे। तारीफ करने में कोई बुराई नहीं है मगर उसके स्वर ऐसे होते थे कि वह तारीफ जितनी मोदी की तरफ जाती थी उससे ज्यादा राहुल गांधी की आलोचना और सोनिया पर सवाल की दिशा में मुड़ती थी। 2019 के बाद तो यह गति और तेज हुई। राहुल को अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना पड़ा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने सोनिया को पत्र लिखकर कांग्रेस के कामकाज पर सवाल उठाए। यह भी 2014 के बाद वाला ही पैटर्न था जिसमें सोनिया और राहुल पर हमले जितना ही जोर मोदी को खुश करने पर भी था। ज्योतिरादित्य सिंधिया और जितिन प्रसाद भाजपा को उपयोगी लगे। उन्हें एन्ट्री मिल गई। बाकी सब लाइन में लगे हैं। सबसे बुरा हुआ सचिन पायलट के साथ। वे खुदा ही मिला न विसाले सनम वाली स्थिति में फंस गए। वसुन्धरा राजे ने उन्हें भाजपा में नहीं आने दिया। अलग पार्टी बनाने की उन्होंने हिम्मत नहीं की। और कांग्रेस ने उन्हें सुबह का भुला कहकर स्वीकार तो किया मगर कुलिंग पीरियड में डाल दिया। जिसका राजनीति में मतलब होता है कि आराम करो। हम तुम पर निगाह रखे हुए हैं। कांग्रेस के एक बड़े नेता और जो राजस्थान के मामलों में असर रखते हैं ने कहा कि कम से कम एक साल का कुलिंग पीरियड होना चाहिए। अब वह एक साल भी पूरा हो गया है।

तो इन स्थितियों में सोनिया गांधी को अपने पुराने वफादार साथियों की याद आना स्वाभाविक थी। युद्ध की तरह राजनीति में भी माना जाता है कि उस हार का अफसोस नहीं होता जो विरोधियों के हाथ हुई हो। कसक वह हार देती है जिसमें अपनों का भी हाथ हो। 2014 में कांग्रेसी लड़े ही नहीं। हालांकि लड़ना तो उन्होंने 2012 से ही छोड़ रखा था जब अन्ना हजारे के जरिए देश में एक छद्म आंदोलन चलाया जा रहा था। दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय में आकर वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं जिनमें गृह मंत्री चिदम्बरम तक थे पर जूते और चप्पलें फेंके जा रहे थे। कृषि मंत्री और उस समय के भी और आज के भी सबसे दबंग नेताओं में से एक शरद पवार के गाल पर चांटा मारा जा रहा था। और अन्ना कह रहे थे कि केवल एक गाल में दूसरे में नहीं। उस समय दिग्विजय सिंह ने केन्द्र सरकार और कांग्रेस की किंकर्तव्यविमूढ़ता के मूल कारण पर उंगली रखते हुए कहा था कि सत्ता के दो केन्द्र नहीं होना चाहिए। उनका इशारा साफ था कि राहुल को सत्ता संभालना चाहिए। उस समय कांग्रेस के कई नेता अन्ना हजारे और रामदेव में देवत्व खोज रहे थे। मगर दिग्विजय साफ कह रहे थे कि ये संघ के एजेन्ट हैं। उस समय हालत इतने मजेदार थे कि दिग्विजय कांग्रेस के समर्थन में जैसे ही कुछ भी बोलते थे दूसरी तरफ से कांग्रेस का ही एक बयान आ जाता था कि ये उनकी व्यक्तिगत राय है। साथ ही पत्रकारों को आफ द रिकार्ड यह बता दिया जाता था कि उनके बोलने पर पाबंदी लगा दी गई है। दिग्विजय से जब इस बारे में पूछा जाता था तो वे हंसते हुए कहते थे कि कांग्रेस अध्यक्ष ने तो मुझसे कुछ कहा नहीं। हांए एक बार यह जरूर दिग्विजय ने पत्रकारों से कहा था कि उन्हें शेरों से कभी डर नहीं लगता। मगर यहां ;दिल्लीद्ध के चूहों से लगता है। वे कब किसे कुतरना शुरू कर दें पता नहीं चलता।

दिग्विजय के इन तेवरों से कांग्रेस के दरबारी नेताओं के अलावा भाजपा भी परेशान रहती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में एक तरफ कांग्रेस ने दिग्विजय को भोपाल की मुश्किल सीट से लड़ने को कहा तो दूसरी तरफ भाजपा ने वहां अपनी सबसे बड़ी तोप साध्वी प्रज्ञा सिंह को उतारा। लेकिन वह हार भी दिग्विजय के मनोबल को तोड़ नहीं पाई। अभी पिछले दिनों भोपाल में एक प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा मारी जा रही पानी की तेज बौछारों और लाठियों के बीच उन्हें बेरिकेट्स पर चढ़ते देखा गया। तो कुछ दिनों बाद यूथ कांग्रेस के दिल्ली में संसद घेराव में पुलिस की बाधाओं को पार करते हुए आगे बढ़ते हुए। शायद कुछ लोगों के स्वभाव में ही संघर्षशीलता होती है। और इस मुश्किल समय में सोनिया ऐसे लोगों को ढूंढ कर जो पार्टी में कम हैंए मोर्चों पर लगा रही हैं। खुद उनमें गजब की संघर्ष क्षमता है। 2019 में जब कोई पार्टी का अध्यक्ष बनने को तैयार नहीं था। उन्होंने कांटों का ताज फिर अपने सिर पर रख लिया। शायद सोनिया को वे दिन भी याद आ गए जब वे 10 जनपथ में अपने बच्चों के साथ अकेले रहती थीं और अगर कोई नेता हालचाल पूछने आ जाए तो कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी और प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव उसके हाल पूछ लेते थे। ऐसे में दिग्विजय सिंह जो उस समय मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री थे उनके समर्थन में अपना मुख्यमंत्री पद छोड़ने को तैयार हो गए थे। जब 1998 में वे कांग्रेस अध्यक्ष बनीं तो पार्टी के केवल तीन मुख्यमंत्री थे। और केसरी पार्टी फंड खाली करके गए थे। ऐसे में दिग्विजय ही आगे आए थे और उन्होंने पार्टी चलाने की सारी व्यवस्थाएं जुटाईं थीं। पचमढ़ी में कांग्रेस सम्मेलन करके कांग्रेस में नया जोश भर दिया था। संभवतरू सोनिया को सब याद आया हो और अपनी आखिरी पारी खेल रहीं उन्होंने नए नेतृत्व का साथ देने के लिए वफादार और बेखौफ लोगों को फिर खड़ा करना शुरू किया हो। दिग्विजय उनके देखे.परखे नेता हैं। चार साल पहले वे एक जोरदार बाजी पलट कार्यक्रम कर चुके हैं। उनकी नर्मदा परिक्रमा ने मध्यप्रदेश में 15 साल से जमी हुई भाजपा सरकार को उखाड़ दिया था। दिग्विजय 2017 में इसी सितंबर के महीने में जब यात्रा शुरू करने से पहले सोनिया गांधी और राहुल गांधी से मिलने गए थे तब उन्होंने सुझाव दिया था कि राहुल एक यात्रा पर निकलें। यात्रा देश भर में हो और पैदल हो। अगर यह यात्रा होती तो कार्यकर्ताओं में उत्साह आता और 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ज्यादा सीटें निकाल सकती थी। राहुल का पार्टी पर प्रभुत्व स्थापित होता और जी.23 बनाकर किसी का उन्हें चुनौती देने का साहस नहीं होता।  हो सकता है नई परिस्थितियों में कांग्रेस को यह आइडिया जम जाए। आंदोलनए जनजागरण करने के लिए बनी समिति का प्रस्ताव आने पर राहुल श्भारत एक हैश् जैसी किसी पद यात्रा पर निकल पड़ें। दो अक्टूबर आ रहा है। बापू को प्रणाम करके राजघाट से किसानों के धरने पर होते हुए उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और जिधर चाहें निकल जाएं।

# जसप्रीत बुमराह ने बनाया तेज गेंदबाजों का खास रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ लंदन के केनिंग्टन ओवल में खेले जा रहे चौथे टेस्ट में अपने टेस्ट विकेटों की संख्या 100 पहुंचा दी है। उन्होंने यह कारनामा इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप को क्लीन बोल्ड आउट कर हासिल की। खास बात यह है कि इस विकेट के साथ ही बुमराह अब सबसे तेज 100 टेस्ट विकेट लेने भारतीय फास्ट बॉलर बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने महान कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ा है। कपिल अपने करियर के 25वें टेस्ट मैच में 100 विकेट के आंकड़े तक पहुंचे थे, जबकि बुमराह ने यह कारनामा 24वें मैच में ही कर दिया है। भारतीय तेज गेंदबाजों में जिन अन्य बॉलरों ने सबसे तेज 100 विकेट झटके हैं, उसमें इरफान पठान, मोहम्मद शमी, जवागल श्रीनाथ और ईशांत शर्मा का नाम शामिल है। पठान ने यह कारनामा



28, शमी ने 29, श्रीनाथ ने 30 जबकि ईशांत ने 33 मैचों में किया था। भारत के लिए सबसे तेज 100 विकेट लेने का रिकॉर्ड स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के नाम है। जिन्होंने सिर्फ 18 टेस्ट मैच में यह मुकाम हासिल किया था।

भारत के लिए सबसे तेज 100 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की बात की जाए तो यहां टॉप के सात गेंदबाजों में स्पिनर ही हैं। अश्विन के बाद ईरापल्ली प्रसन्ना (20 टेस्ट), अनिल कुम्बले (21 टेस्ट), भागवत चंद्रशेखर (22 टेस्ट), सुभाष गुप्ते (22 टेस्ट) प्रज्ञान ओझा (22 टेस्ट), वीनू मांकड़ (23 टेस्ट) और रविंद्र जडेजा (24 टेस्ट) के नाम बुमराह से पहले हैं। बुमराह ने अपने इन 100 विकेट में से 96 विकेट विदेशी धरती पर झटके हैं। भारत में उन्होंने सिर्फ 4 विकेट ही हासिल किए हैं। बुमराह ने अपने करियर में अब तक छह बार पारी में पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया है।

# ओवल में टीम इंडिया ने बजाया डंका, पीएम मोदी ने इस तरह दी ऐतिहासिक जीत की बधाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड को चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन सोमवार को 157 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। भारत ने कल इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 368 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा था, जिसका पीछा करते हुए इंग्लैंड ने आज बिना कोई विकेट खोए 77 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसकी दूसरी पारी टी-ब्रेक के बाद 210 रनों पर सिमट गई। इस तरह भारत ने ओवल के मैदान पर 50 साल बाद जीत दर्ज की। टीम ने आखिरी बार यहां 1971 में जीत हासिल की थी। टीम की इस ऐतिहासिक जीत पर पीएम मोदी ने ट्वीट कर बधाई दी है।

कल कोई विकेट नहीं लेने वाले भारतीय गेंदबाजों ने आखिरी दिन बेहतर खेल दिखाया और इंग्लैंड के सभी 10 विकेट निकाले। उमेश यादव ने 60 रन देकर तीन विकेट, जसप्रीत बुमराह ने 27 रन देकर दो विकेट, शार्दुल ठाकुर ने 22 रन पर दो विकेट और लेफ्ट आर्म स्पिनर रविंद्र जडेजा ने 50 रन पर दो विकेट लिए। इस जीत के बाद से यह सुनिश्चित हो गया है कि भारत अब यह सीरीज हारेगा नहीं। यह सीरीज या तो भारत जीतेगा या फिर यह ड्रॉ समाप्त होगी। दोनों टीमों के बीच इस सीरीज का पांचवां और आखिरी मैच 10 सितम्बर से मैनचेस्टर में खेला जाएगा।

## ओवल का किला फतह करने के बाद टॉप पर पहुंचा भारत, पाकिस्तान को पछाड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने तेज गेंदबाजों के एक बार फिर चमत्कारिक प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड को ओवल टेस्ट में 157 रनों से पीट दिया। भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 466 रनों का विशाल स्कोर बनाकर इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 368 रखा था, लेकिन इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम पांचवें दिन मात्र 210 रनों पर ही सिमट गई। इस मैच में इंग्लैंड को उन्हीं की सरजमीं पर हराने में लगभग सभी गेंदबाजों ने बराबरी का योगदान दिया, लेकिन इसमें जसप्रीत बुमराह का योगदान सबसे अहम था। उन्होंने बेशक दूसरी पारी में मात्र दो ही विकेट झटके, लेकिन जिस तरह उन्होंने ओली पोप और जॉनी बेयरस्टो को क्लीन बोल्ड किया, उससे इंग्लैंड के हौसले वहीं पस्त हो गए। इस मैच में जीत दर्ज करने के बाद भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के प्वॉइंट टेबल में पहले नंबर पर पहुंच गया है। भारत ने यहां पाकिस्तान को पछाड़ा है जो दूसरे नंबर पर खिसक गया है।टीम की रैंकिंग परसेंटेज ऑफ प्वॉइंट्स के हिसाब से होगी। जीत के लिए 12 प्वॉइंट्स, टाई मैच के लिए छह प्वॉइंट्स, ड्रॉ मैच के लिए चार प्वॉइंट्स और हार के लिए कोई प्वॉइंट नहीं होगा।



# फील्डर ने नहीं दिया साथ तो रविंद्र जडेजा ने हसीब हमीद को क्लीन बोल्ड कर भेजा पवेलियन


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओवल टेस्ट मुकाबले में टीम इंडिया ने अपना शिकंजा कस लिया है। दूसरे सेशन में रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह की धारदार गेंदबाजी के आगे इंग्लिश बेदम नजर आ रहे हैं। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में अपने छह विकेट गंवा दिए हैं और कप्तान जो रूट टीम की हार को टालने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अंग्रेजों के पतन की शुरुआत रविंद्र जडेजा ने हसीब हमीद के बड़े विकेट से की। जड्डू की घूमती गेंद पर हमीद चकमा खा गए और क्लीन बोल्ड होकर पवेलियन लौटे। इससे पहले जडेजा ने इंग्लिश ओपनर को आउट करने का चांस बनाया था, लेकिन तब मोहम्मद सिराज ने कैच टपका दिया था। हसीब हमीद का विकेट कई मायनों में खास था,क्योंकि वह



इंग्लैंड की पारी को बांधे हुए थे और बाकी बल्लेबाजों को साथ लेकर चल रहे थे। इंग्लैंड 141 रन के स्कोर पर महज 2 विकेट खोकर मजबूत स्थिति में दिखाई दे रही थी और हमीद और रूट दोनों क्रीज पर सेट नजर आ रहे थे। कप्तान कोहली ने पांचवें दिन की पिच को देखते हुए गेंद जडेजा के हाथों में बड़ी उम्मीद के साथ थमाई और टीम इंडिया का यह ऑलराउंडर कैप्टन की उम्मीदों पर एकदम खरा उतरा। जडेजा ने अपने ओवर की तीसरी गेंद को देखकर हमीद का सिर चकरा गया और वह पूरी तरह गच्चा खा गए। विकेट लेने के बाद जड्डू अपने स्टाइल में सेलिब्रेशन भी मनाते दिखे।इससे पहले, सिराज ने जडेजा की गेंद पर हमीद का आसान सा कैच छोड़ा था। पारी के 47वें ओवर में रविंद्र जडेजा की गेंद पर हसीब हमीद ने हवा में शॉट खेला और गेंद सीधे मोहम्मद सिराज के हाथों में गई, लेकिन भारतीय तेज गेंदबाज उस कैच को हाथ में पकड़े नहीं रख सका और बॉल छिटककर नीचे गिर गई थी। जिसके बाद फैन्स ने सिराज को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल भी किया था।

## आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए जसप्रीत बुमराह, जो रूट और शाहीन अफरीदी हुए नॉमिनेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में गेंद और बल्ले से दमदार प्रदर्शन करने वाले भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अगस्त महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नॉमिनेट किया गया है। बुमराह के अलावा इंग्लिश टीम के कप्तान जो रूट और पाकिस्तान के फास्ट बॉलर शाहीन अफरीदी को भी नॉमिनेट किया गया है। रूट इस सीरीज में बेहतीरन फॉर्म में नजर आए हैं और अबतक तीन शतक ठोक चुके हैं। महिला क्रिकेट में आईसीसी ने थाईलैंड की नत्ताया बूचाथाम , आयरलैंड की गैबी लुईस और ऐमियर रिचर्डसन को नॉमिनेट किया है। बुमराह ने ट्रेंट ब्रिज में खेले गए पहले टेस्ट में नौ विकेट लिए थे। इसके बाद दूसरे टेस्ट में मोहम्मद शमी के साथ नौवें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी की जो भारत की जीत में निर्णायक



साबित हुई थी। वहीं, इंग्लैंड के लिए कप्तान रूट ने तीनों टेस्ट में शतक जमाए और टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में टॉप पर पहुंचे। रूट ने इंग्लैंड को लीड्स टेस्ट में जीत दिलाने में अहम किरदार निभाया था। अफरीदी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में 18 विकेट चटकाए थे । दूसरे टेस्ट में उन्होंने दस विकेट अपने नाम किए थे और यह कारनामा करने वाले पाकिस्तान के चौथे सबसे युवा गेंदबाज बने।

महिला क्रिकेट में नत्ताया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ बल्ले और गेंद दोनों से कमाल किया था। उनकी बदौलत थाईलैड ने तीन मैचों की श्रृंखला 2 -1 से जीती थी। आयरलैंड की लुईस और रिचर्डसन के शानदार खेल की मदद से उनकी टीम ने टी-20 विश्व कप यूरोप क्वालीफायर के चार में से तीन मैच जीते थे।



## मैच के आखिरी दिन मार्क वॉ ने इंग्लैंड टीम को दी चेतावनी, माइकल वॉन ने किया रिएक्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनियाभर के क्रिकेट फैन्स की नजरें इस समय भारत और इंग्लैंड के बीच लंदन के केनिंग्टन ओवल में खेले जा रहे चौथे टेस्ट पर हैं। आज मैच के पांचवें और आखिरी दिन के खेल जारी है और इस समय चारों रिजल्ट संभव नजर आ रहे हैं। भारत ने दूसरी पारी में 466 रनों का विशाल स्कोर बनाकर इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 368 रनों का लक्ष्य रखा है। इसके जवाब में इंग्लैंड के ओपनरों ने टीम को मजबूत शुरुआत देते हुए पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी निभाई। मैच की वर्तमान स्थिति को देखकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मार्क वॉ ने इंग्लैंड को चेतावनी देते हुए कहा कि उसे यहां जीत के लिए जाना चाहिए। उनके इस बयान पर अब इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। इंग्लैंड ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट गंवाए 77 रन बना लिए थे और यहां वह जीत से 291 दूर था। पांचवें दिन का खेल शुरू होते ही वॉ ने ट्वीट करते हुए लिखा कि, 'अगर इंग्लैंड बचे हुए रन बनाने के लिए नहीं जाता है तो फिर मैं निश्चित नहीं हूं कि आप यहां क्यों खेल रहे हो।' पूर्व कंगारू कप्तान के इस बयान पर माइकल वॉन ने हामी भरी। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि, 'सहमत हूं। मैच की वर्तमान स्थिति की बात करें तो भारत ने गेंदबाजों के जोरदार प्रदर्शन के दम पर मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। एक समय बिना किसी नुकसान के 100 रन बनाने वाली इंग्लैंड की आधी टीम अब 146 रनों के स्कोर पर ही पवेलियन लौट गई है। टीम इंडिया को जल्दी से इस मैच को जीतने के लिए अब इंग्लैंड के कप्तान जो रूट के विकेट की जरूरत होगी, जो अब भी 17 रन बनाकर टीम की हार को टालने में लगे हुए हैं। भारत अगर इस मैच में जीत दर्ज करता है तो वह सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर लेगा।

## आरसी-पीसीआर टेस्ट में भी कोरोना पॉजिटिव निकले हेड कोच रवि शास्त्री, 10 दिन रहेंगे क्वारंटाइन

**लंदन (एजेंसी)।** भारत क्रिकेट टीम के हेड कोच रवि शास्त्री आरटी-पीसीआर टेस्ट में भी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं और अगले दस दिन क्वारंटाइन में रहेंगे। इससे इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में होने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट में वे टीम से बाहर रहेंगे। 59 साल के शास्त्री रविवार को रैपिड एंटीजन टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए थे।

सोमवार को उनकी आरटी-पीसीआर टेस्ट रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई है। पांचवां और आखिरी टेस्ट 10 सितंबर से खेला जाएगा। टी-20 वर्ल्ड कप टीम के सिलेक्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में आया भूचाल, हेड कोच मिस्बाह उल हक और वकार यूनिस ने दिया इस्तीफा बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'दो रैपिड एंटीजन टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के बाद शास्त्री आरटी-पीसीआर टेस्ट में



भी पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्हें हल्के लक्षण हैं, जैसे उनका गला खराब है। वह दस दिन क्वारंटाइन में रहेंगे। उनसे करीबी संपर्क में आने वाले सहयोगी स्टाफ के तीन सदस्य गेंदबाजी कोच भरत अरूण, फील्डिंग कोच आर श्रीधर और फिजियो नितिन पटेल भी क्वारंटाइन में हैं।टीम के सदस्य शनिवार की शाम और रविवार की सुबह कराए गए दो रैपिड एंटीजन टेस्ट में नेगेटिव पाए गए हैं। सहयोगी स्टाफ और सभी खिलाड़ियों को कोरोना के टीके की दोनों डोज लग चुकी हैं। ऐसी संभावना है कि शास्त्री टीम होटल में उनकी किताब के विमोचन के मौके पर संक्रमण के शिकार हो गए, क्योंकि उसमें बाहरी मेहमान भी आए थे। पटेल, श्रीधर और अरुण भी उसमें मौजूद थे।

## ओवल टेस्ट में किस टीम के हाथ लगेगी बाजी, जेसन रॉय ने कर दी भविष्यवाणी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच लंदन के केनिंग्टन ओवल मैदान में रोमांचक चौथा टेस्ट मैच जारी है। आज मैच का पांचवां और आखिरी दिन है और मैच की स्थिति को देखते हुए दोनों ही टीमों के जीतने के चांस हैं। इस मैच में भारत ने मेजबान इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 368 रनों का लक्ष्य दिया है, जिसके जवाब में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज हसीब हमीद और रोरी बर्न्स ने टीम को मजबूत शुरुआत देते हुए शतकीय साझेदारी की है। मैच में किस टीम को जीत मिलेगी, इस बात को लेकर फिलहाल कुछ भी कहना मुश्किल है, लेकर इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय ने भविष्यवाणी करते हुए कहा है कि यहां जीत इंग्लैंड को मिलेगी। रॉय ने यह बात उस सवाल के जवाब में कही, जिसमें विजडन ने उनसे पूछा कि इस मैच को किस तरह देखते हैं। विजडन ने ट्वीट करते हुए फैन्स से पूछा कि, 'भारतीय टीम दूसरी पारी में 466 रनों पर ऑलआउट हो गई है और इंग्लैंड को इस मैच को जीतने के लिए 368 रनों का लक्ष्य मिला है। आप इस टेस्ट को नतीजे को किस तरह देखते हैं।'बता दें कि अगर इंग्लैंड को इस मैच में जीत हासिल करनी है तो उसे इतिहास बदलना होगा। इंग्लैंड को बेशक इस मैच में 368 रनों के लक्ष्य के जवाब में अच्छी शुरुआत मिल गई हो, लेकिन पांचवें दिन की पिच और भारतीय तेज गेंदबाजों की फॉर्म को देखते हुए इंग्लिश टीम के लिए ऐसा कर पाना आसान नहीं होगा। ओवल के मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में अबतक चौथी पारी में कोई भी टीम 300 से ज्यादा के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा नहीं कर सकी है। इस मैदान पर क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में चौथी इनिंग में सर्वाधिक 263 रन चेज हुए हैं। साल 1902 में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सफलतापूर्वक रनों का पीछा करके जीत दर्ज की थी।



## टी20 डब्लूसी के लिए हो चुका टीम इंडिया का सिलेक्शन, जल्द ही हो सकता है टीम ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस साल अक्टूबर-नवंबर में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ओमान में होने वाले टी20 वर्ल्ड के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का चयन हो चुका है। चेतन शर्मा की अध्यक्षता वाली सिलेक्शन कमेटी पहले टी20 वर्ल्ड के लिए 15 सदस्यीय भारतीय क्रिकेट टीम का चयन कर



चुकी है। इनसाइडस्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई के अधिकारी और सिलेक्टर्स ने कप्तान विराट कोहली और कोच रवि शास्त्री से मुलाकात करके टीम को चुन लिया है। अधिकारियों ने कहा है कि चुनी गई टीम की घोषणा सोमवार शाम या मंगलवार सुबह की जा सकती है। इस बीच, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को टी20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में शोएब मलिक और मोहम्मद आमिर को जगह नहीं दी गई है। टी20 वर्ल्ड कप में 24 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच मैच खेला जाना है।



## टी-20 वर्ल्ड कप टीम के सिलेक्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में आया भूचाल, हेड कोच मिस्बाह उल हक और वकार यूनिस ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान टीम के ऐलान के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम में उथल-पुथल मच गई है। टीम के हेड कोच मिस्बाह उल हक और बॉलिंग कोच वकार यूनिस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस बात की जानकारी दी है। मिस्बाह और वकार को सिंतबर 2019 में टीम का कोच बनाया गया था और अभी उनका एक साल का कार्यकाल बचा हुआ था। टी-20 विश्व कप के लिए चुनी गई पाकिस्तान टीम में फखर जमां और शोएब मलिक जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में शामिल नहीं किया गया है।

मिस्बाह उल हक ने बयान जारी करते हुए कहा, 'वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के बाद जमैका में क्वारंटाइन के समय पर मुझे अपने बीते 24 महीनों और आगे के इंटरनेशनल शेड्यूल के बारे में समझना का मौका मिला। उसको देखते हुए मुझे आगे भी अपने फैमिली से दूर काफी समय बिताना है और वह भी बायो-बबल माहौल में। मैंने इसके चलते अपने पद से हटने का फैसला किया है। मैं यह समझ सकता हूं कि मेरी टाइमिंग ठीक नहीं है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं आने वाले चैलेंजों के लिए दिमागी तौर पर सही फ्रेम ऑफ माइंड में हूं।' मिस्बाह ने अपने पीसीबी को उनका सपोर्ट करने के लिए धन्यवाद दिया।

बाबर आजम, शादाब खान, आसिफ अली, आजम खान, हैरिस राउफ, हसन अली, इमाद वसीम, खुशदिल शाह, मोहम्मद हफीज, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम, शाहीन शाह अफरीदी, शोएब मकसूद।

**रिजर्व खिलाड़ीः** शाहनवाज दानी, उस्मान कादिर, फखर जमां।

# सीएम योगी का कड़ा रुख, डेंगू मामले में लापरवाही के दोषी अफसरों पर कार्रवाई का आदेश



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिरोजाबाद में डेंगू और अन्य वायरल बीमारियों को फैलने से रोकने में लापरवाही के दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इनमें स्वास्थ्य और नगर विकास के कुछ अधिकारी शामिल हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने संजय गांधी पीजीआईए डॉण् राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान और केजीएमयू के विशेषज्ञ चिकित्सकों की तीन अलग.अलग टीमें आगराए फिरोजाबाद और मथुरा भेजने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ से भेजी जाने वाली विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीमें तीनों जिलों के अस्पतालों में इलाज की प्रक्रिया देखेंगी और स्थानीय चिकित्सकों का मार्गदर्शन करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक.एक मरीज की सेहत पर बारीकी से ध्यान दिया जाए। बैठक में बताया गया कि तीनों जिलों में इलाज के लिए स्थानीय स्तर पर पर्याप्त चिकित्सकों की तैनाती की गई है।फिरोजाबाद में डेंगू व अन्य वायरल बीमारियों की रोकथाम के लिए अतिरिक्त बेडए चिकित्सकए पैरामेडिकल स्टाफए दवाइयां व जांच उपकरण आदि की व्यवस्था की गई है। प्रभावित जिले में मरीजों की स्थिति पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। सीएम हेल्पलाइन द्वारा भी मरीजों और उनके परिजनों से संपर्क कर उनको मिल रहे इलाज और सुविधाओं की जानकारी लेने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन को लोगों को इस बात के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए हैं कि बीमारी के हल्के लक्षण होने पर भी तत्काल निकटतम अस्पताल से संपर्क करें।

बैठक में बताया गया कि कोरोना की दूसरी लहर पर बने प्रभावी नियंत्रण के बीच जनजीवन तेजी से सामान्य हो रहा है। प्रदेश के 28 जिलों अलीगढ़ए अमरोहाए अयोध्याए बागपतए बलियाए बांदाए बस्तीए भदोहीए बिजनौरए चित्रकूटए देवरियाए फतेहपुरए गाजीपुरए गोंडाए हमीरपुरए हरदोईए हाथरसए कौशाम्बीए ललितपुरए महोबाए मथुराए मीरजापुरए मुजफ्फरनगरए पीलीभीतए रामपुरए शामलीए सीतापुर व सोनभद्र में अब कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। ये जिले कोविड संक्रमण से मुक्त हो गए हैं। औसतन हर दिन ढाई लाख से अधिक टेस्ट हो रहे हैंए जबकि पॉजिटिविटी दर 0ण्01 से भी कम हो गई है और रिकवरी दर 98ण्7 फीसदी है। विगत 24 घंटे में हुई एक लाख 85 हजार 793 सैम्पल की टेस्टिंग में 64 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गयाए जबकि 10 जिलों में इकाई अंक में मरीज पाए गए। वर्तमान में प्रदेश में एक्टिव कोविड केस की संख्या 227 रह गई है।

# राहुल गांधी को फिर से पार्टी अध्यक्ष बनाने की मांग, यूथ कांग्रेस ने पास किया प्रस्ताव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय युवा कांग्रेस (यूथ कांग्रेस) ने सोमवार को एक प्रस्ताव पारित कर कहा कि राहुल गांधी को फिर से पार्टी अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। यूथ कांग्रेस ने राहुल गांधी को लेकर कहा कि क्योंकि वह देश में एक इकलौते ऐसे नेता हैं, जो जनता के मुद्दे पुरजोर ढंग से उठा रहे हैं। भारतीय युवा कांग्रेस की ओर से जारी बयान के मुताबिक, गोवा में संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक के बाद यह प्रस्ताव पारित किया गया।भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने ट्वीट पर प्रस्ताव की एक प्रति साझा करते हुए कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में, यूथ कांग्रेस ने संयुक्त रूप से एक प्रस्ताव पारित किया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान के अनुसार राहुल गांधी कोंष्घ्ण् अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाना चाहिए। यह लाखों कार्यकर्ताओं की कामना है कि वह बड़ी विपत्ति के समय में हमारा नेतृत्व करें। श्रीनिवास बीसी ने आगे कहा कि आने वाले दिनों में युवा कांग्रेस देश हित में सभी ज्वलंत मुद्दों को लेकर सड़कों पर उतरेगी और इस संघर्ष को लोगों तक ले जाएगी। रविवार को शुरू हुई यूथ कांग्रेस की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में नेताओं ने संगठन के सामने चुनौतियों और उन चुनौतियों पर सफलता कैसे प्राप्त की जा सकती है, संगठन के प्रमुख कार्यक्रम, आंतरिक चुनाव, सदस्यता सहित सभी प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव कृष्ण अल्लावरू ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता आने वाले दिनों में इस तानाशाही सरकार के खिलाफ लड़ेगा और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और राहुल गांधी जी का संदेश जन-जन तक पहुंचायेगा।

# इसका अंजाम 2024 में भुगतेगी भाजपा, ईडी की पूछताछ के बाद यूं भड़के ममता के भतीजे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा है कि 2024 के आम चुनावों में टीएमसी न सिर्फ भाजपा का मुकाबला करेगीए बल्कि उसे शिकस्त भी देगी। अभिषेक बनर्जी से सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली में नौ घंटे तक पूछताछ की। उनके ऊपर कोयला घोटाले में धनशोधन का आरोप है। पूछताछ के बाद अभिषेक बनर्जी भारतीय जनता पार्टी के ऊपर जमकर बरसे। उन्होंने यह भी कहा टीएमसी अन्य पार्टियों की तरह नहीं है जो भाजपा के इस तरह के हमलों से डरकर झुक जाए। हम जान दे देंगेए लेकिन सिर नहीं झुकाएंगे। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि हम हर उस राज्य में जाएंगेए जहां आपने लोकतंत्र की हत्या की है।

टीएमसी के सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कम से कम 25 भाजपा विधायक हमारी पार्टी में आने के लिए लाइन लगाए हुए हैं। लेकिन टीएमसी ने उन्हें जगह नहीं दी। गौरतलब है कि हाल ही में टीएमसी छोड़कर गए चार विधायक फिर पार्टी में वापस आ गए हैं। यह सभी चुनाव से पहले भाजपा में चले गए थे। अभिषेक बनर्जी ने कहा मैं सुबह 11 बजे ईडी के ऑफिस पहुंच गया था। इसके बाद नौ घंटे तक बिना रुके मुझसे पूछताछ की गई। मैंने उनके साथ पूरा सहयोग किया और उनके सभी सवालों का जवाब दिया। मैंने अपना लिखित स्टेटमेंट भी दिया है। वहां पर क्या बातें हुईं यह कानूनी वजहों से मैं मीडिया को नहीं बता सकता। इससे पहले ईडी ने अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा बनर्जी को इसी मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि रुजिरा ने कोरोना वायरस के चलते दिल्ली में ईडी के समक्ष उपस्थिति में असमर्थतता जताई थी। उन्होंने ईडी से कहा था कि वह उनके कोलकाता स्थित आवास आकर पूछताछ कर सकती है।

## तेजी से चल रहा राम मंदिर का काम, अक्टूबर तक तैयार होगा फाउंडेशन, दिसंबर 2023 में गर्भगृह : वीएचपी

**नागपुर (एजेंसी)।** अयोध्या में राम मंदिर का काम तेजी से चल रहा है। सितंबर के आखिरी या अक्टूबर के पहले हफ्ते में इसकी फाउंडेशन तैयार हो जाएगी। वहीं दिसंबर 2023 तक मंदिर के गर्भगृह में भगवान श्रीराम की स्थापना कर दी जाएगी। इसके बाद श्रद्धालु यहां आकर भगवान श्रीराम के दर्शन कर सकेंगे। सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के एक नेता ने नागपुर में इस बात की जानकारी दी। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय सचिव मिलिंद परांदे नागपुर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे मंदिर का निर्माण होने में तो समय लगेगा। लेकिन गर्भगृह दिसंबर 2023 तक तैयार हो जाएगा। इसके बाद यहां पर पूजा-पाठ और दर्शन किया जा सकेगा।

# अफगानिस्तान के लिए क्या रणनीति अपनाएगा भारत? पीएम नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों के साथ की हाई लेवल मीटिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के हालात पर भारत की नजर बनी हुई है। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से भारत वेट एंड वॉच की स्थिति हैं। इस बीच सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफगानिस्तान में स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। पीएम मोदी की आवास पर हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने हिस्सा लिया। बैठक को लेकर आधिकारिक रूप से कोई बयान सामने नहीं आया है।

तालिबान की ओर से कब्जा जामाने के बाद भारत सरकार पहले ही यह कह चुकी है कि अफगानिस्तान को लेकर उसकी प्रमुख चिंता यह सुनिश्चित करना है कि अफगान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद या फिर भारत विरोधी गतिविधियों के लिए



नहीं किया जाए। और दूसरी चिंता अफगानिस्तान में रहने वाले भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी है। भारत तालिबान के सामने ये मुद्दा उठाया भी था जब कतर में भारत के राजदूत दीपक मित्तल ने 31 अगस्त को तालिबान के अनुरोध पर दोहा में भारतीय दूतावास में कतर में तालिबपान के राजनीतिक कार्यालय के उप प्रमुख शेर मोहम्मद अब्बास स्टेनकजई से मुलाकात की थी।

हालांकि, इससे परिचित लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि बैठक तालिबान की मौजूदा स्थिति पर केंद्रित था। पंजशीर प्रांत में प्रतिरोध बलों पर कथित जीत के बाद तालिबान का लगभग-लगभग पूरे अफगानिस्तान पर कब्जा हो गया है। हालांकि, पंजशीर के विरोधी नेता तालिबान के दावे को खारिज कर चुके हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों में तालिबान कमांडरों को पंजशीर में प्रांतीय गवर्नर के परिसर के सामने दिखाया गया है, जहां प्रसिद्ध कमांडर अहमद शाह मसूद के बेटे अहमद मसूद के नेतृत्व में राष्ट्रीय प्रतिरोध मोर्चा (एनआरएफ) की सेनाएं तालिबानी लड़ाकों से दो-दो हाथ कर रही है। इस बीच तालिबान विरोधी पंजशीर के नेताओं ने दावा किया कि उसके यहां किए गए हमले में पाकिस्तान का भी हाथ था। बता दें कि पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (घ्ैघ्) प्रमुख, लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद शनिवार को काबुल पहुंचे हुए थे।

# कांग्रेस ने मान ली है हार? सलमान खुर्शीद बोले- 120-130 लोकसभा सीटें जीतने वाली पार्टी विपक्ष के मोर्चे का नेतृत्व करेगी



**कोलकाता (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने पार्टी नेतृत्व के संकट का सामना करने की बात को खारिज करते हुए कहा है कि उनकी पार्टी अब भी उस स्थिति में है कि अगले लोकसभा चुनाव में 120-130 सीटें हासिल कर सके और भाजपा विरोधी गठबंधन का नेतृत्व कर सके।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने क्षेत्रीय दलों को आगाह करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने 2019 का चुनाव उस समय जीता जब विपक्ष बिखरा हुआ था तथा अब भाजपा उनसे संबंधित राज्यों में उनके पीछे पड़ गई है। खुर्शीद ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा कि अगर कोई नेता नहीं है तो फिर उन्हें (एक नेता के तौर पर) पेश क्यों करना है। अगर कोई नेता है तो वह खुद ब खुद पेश हो जाएगा। सभी विपक्षी दलों में कांग्रेस अब भी ऐसी बेहतरीन स्थिति में है कि वह 120-130 सीटें जीत ले। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस भाजपा के खिलफ 240-250 सीटों पर सीधे मुकाबले में है और उनके दावे का आधार यही है। गांधी परिवार के भरोसेमंद माने जाने वाले खुर्शीद ने कहा, '100-120 सीट जीतने वाली पार्टी नेतृत्व करेगी। दो सीटों वाली पार्टी अगुवाई नहीं करेगी। विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने से जुड़ा जवाब 120 सीटें हैं।' कांग्रेस नेता ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विपक्ष के चेहरा के तौर पर पेश किए जाने की कुछ लोगों की पैरोकारी के सवाल का सीधा जवाब नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर मेरी कोई राय नहीं है। दिल्ली में जब सभी लोग मिलें तो उन्हें बात करनी चाहिए। मुझे कोलकाता में बैठकर इस पर टिप्पणी क्यों करनी चाहिए? क्या कोई 120 सीटें ला सकता है? ऐसा लगता है कि कांग्रेस 120 सीटें ला सकती है। अगर कोई दूसरा 120 सीटें ला सकता है तो उसका स्वागत है। उन्हें कौन रोक रहा है? खुर्शीद के अनुसार, पिछले दिनों जब विपक्षी नेताओं की बैठक हुई थी तो किसी ने भी इस बारे में बात नहीं की कि कौन नेतृत्व करेगा।

उन्होंने जोर देकर कहा कि यह फैसला क्षेत्रीय दलों को करना है कि क्या वे अगले एक दशक तक भाजपा को सत्ता में देखना चाहते हैं। खुर्शीद ने कहा, यह क्षेत्रीय दलों के भविष्य की बात है क्योंकि भाजपा अब उनके पीछे पड़ी है। उन्हें अपने बारे में फैसला करना है। हमें 2019 की हार से अपना सबक सीखना है। उन्होंने 1990 के दशक वाले संयुक्त मोर्चा के प्रयोग को दोहराने की स्थिति में उसकी सफलता पर संदेह व्यक्त किया। उस समय छोटे दल साथ मिलकर सत्ता में थे और कांग्रेस उन्हें बाहर से समर्थन दे रही थी। कांग्रेस में नेतृत्व संकट से संबंधित सवाल पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'न तो नेतृत्व का संकट है और न ही पार्टी इसको लेकर बेखबर है कि क्या करना है और क्या नहीं। हम लोकतांत्रिक पार्टी हैं। मतभिन्नता हो सकती है। जिन्होंने (जी 23) पत्र लिखा था उन्होंने कभी नहीं कहा कि उन्हें नेतृत्व में विश्वास नहीं है।' उन्होंने कहा कि जितिन प्रसाद और सुष्मिता देव जैसे युवा नेताओं ने पार्टी छोड़ी क्योंकि वे कांग्रेस के सत्ता में आने का इंतजार करने के लिए तैयार नहीं थे।

# डेंगू, वायरल बुखार से पीड़ित बच्चे इलाज के अभाव में मर रहे, फिर भी सरकार कह रही आल इज वेल : अखिलेश यादव



**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में डेंगू, वायरल बुखार से हाहाकार मचा हुआ है, अस्पतालों में भारी भीड़ है, समय से समुचित इलाज न मिलने से बच्चों की मौतें हो रही है। सत्तारूढ़ भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री इसके बावजूद आल इज वेल का झूठा दावा कर रहे हैं। ध्वस्त स्वास्थ्य सेवाओं की ओर भाजपा सरकार का ध्यान नहीं है। अखिलेश ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि डेंगू बुखार ने पश्चिमी यूपी में सैकड़ों मासूमों की जान ली। अब पूर्वी यूपी में भी इसका प्रकोप दिखाई दे रहा है। खुद राजधानी लखनऊ के अस्पतालों से मरीजों की भीड़ नहीं रुक रही है। हालत बिगड़ने की वजह से दवाइयों का स्टाक कम हो गया है। गंभीर बीमार भी अस्पतालों से वापस किए जा रहे हैं। बेड न होने के बहाने से उनका प्राथमिक उपचार नहीं किया जा रहा है। फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, कानपुर, फर्रुखाबाद सहित कई जिलों में मातम पसरा हुआ है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में संवेदना नाम की कोई चीज नहीं है। कोरोना की दूसरी लहर में प्रदेश में लाशों का खेल होता रहा। मुख्यमंत्री दावा करते रहे कि तीसरी लहर आने से पहले ही सब तैयारियां कर ली गई है। वार्डों में बेड बढ़ गए है, दवाएं पर्याप्त हैं, लेकिन डेंगू के पहले दौर में ही स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का आलम यह है कि गरीब आदमी न जी पा रहा है, न मर पा रहा है। भाजपा जनता के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति जितनी उपेक्षा दिखा रही है उससे भाजपा के खिलाफ व्यापक जनरोष की लहर चल रही है। भाजपा की दमनकारी, दंभी सत्ता अब कभी वापस नहीं आएगी। सभी सन् 2022 में समाजवादी सरकार बनने के बारे में विश्वस्त है।

# तालिबान को रूस का दो टूक, अफगान जमीन का उपयोग दूसरे देशों में आतंकवाद के लिए नहीं होना चाहिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस के राजदूत निकोलाय कुदाशेव ने सोमवार को कहा कि अफगानिस्तान की भूमि का उपयोग क्षेत्र के दूसरे देशों में आतंकवाद फैलाने के लिए नहीं होना चाहिए तथा रूस और भारत दोनों की अफगानिस्तान में बन रहे हालात की पृष्ठभूमि में साझा चिंताएं हैं। अफगानिस्तान के ताजा घटनाक्रम के प्रभावों पर रूसी राजदूत ने कहा कि रूस के क्षेत्र और कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने का खतरा है। उन्होंने कहा कि भारत तथा रूस आतंकवाद के किसी भी खतरे से निपटने के लिए काम करते रहेंगे। कुदाशेव ने एक साक्षात्कार में 'पीटीआई-भाषा से कहा कि रूस चाहेगा कि अफगानिस्तान में समावेशी सरकार हो जो सुरक्षा, स्थिरता सुनिश्चत कर सके। उन्होंने कहा कि काबुल में किसी नई सरकार को मान्यता देने का मुद्दा अभी प्राथमिकता में नहीं है। रूसी राजदूत ने कहा कि अफगानिस्तान पर भारत और रूस के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं और दोनों पक्षों ने वहां के घटनाक्रम पर एक दूसरे से संपर्क साध रखा है।कुदाशेव ने कहा, ''भारत और रूस दोनों अफगानिस्तान के हालात को लेकर चिंतित हैं। हम समावेशी सरकार चाहते हैं। हम चाहते हैं कि अफगानिस्तान की भूमि का क्षेत्र के अन्य देशों में आतंकवाद फैलाने के लिए उपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''ये बहुत बुनियादी मूल्य हैं जो रूस तथा भारत को साथ लाते हैं। मैं अफगानिस्तान पर हमारे रुख में ज्यादा अंतर नहीं देखता। जब राजदूत से पूछा गया कि क्या रूस, अफगानिस्तान से आतंकवाद फैलने के संभावित खतरे को लेकर चिंतित है तो उन्होंने जवाब दिया, निश्चित रूप से।


**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम

पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

आरएनआई नं.

UPHIN 2001/9025


## ब्रिटिश संसद का ड्रेस कोडः जींस, टीशर्ट, स्लीवलेस टॉप पर लगी रोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रत्येक देश की संसद के कुछ नियम होते हैं और कई बार ये नियम सबकी सहमति से बदलते भी रहते हैं। इसी कड़ी में ब्रिटिश संसद द्वारा सांसदों के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है। सांसद अब जींस, स्पोर्ट्स वियर, टीशर्ट या स्लीवलेस टॉप पहनकर संसद नहीं आ सकेंगे। इतना ही नहीं स्पीकर ने एक चेतावनी पत्र जारी किया है, जिसमें सभी सांसदों को उचित संसदीय वेशभूषा में ही सदन में आने के लिए कहा गया है। दरअसल, ब्रिटेन के हाउस ऑफ कामंस में छुट्टियां खत्म होने के बाद सोमवार से दोबारा संसदीय कार्यवाही शुरू हुई है। स्पीकर सर लिंडसे हॉयल ने सांसदों के लिए हाउस ऑफ कॉमन्स में व्यवहार और शिष्टाचार के नियम अपडेट किए हैं।

# अजेय हैं हमारे लड़ाके, खून की आखिरी बूंद तक लड़ेंगेय तालिबान के कब्जे के दावे पर गरजे पंजशीर के योद्धा

**काबुल (एजेंसी)।** तालिबान ने भले ही पंजशीर पर कब्जे का दावा किया हैए लेकिन उससे लोहा लेने वाले नेशनल रेजिस्टेंस फोर्स के नेता अहमद मसूद ने इसे खारिज किया है। मसूद ने तालिबान के खिलाफ जंग जारी रहने की हुंकार भरते हुए कहा कि हम अजेय हैं और तालिबान के खिलाफ आखिरी बूंद तक हमारे लड़ाके जंग करेंगे। मसूद ने कहा कि मैं अपने खून की आखिरी बूंद तक तालिबान से लड़ता रहूंगा। उनका यह बयान तालिबान के दावे के कुछ घंटों के बाद ही आया हैए जिसमें उसने कहा था कि पंजशीर पर उन्होंने कब्जा जमा लिया है। फेसबुक पेज पर जारी एक ऑडियो संदेश में मसूद ने कहाए श्हमारी फोर्सेज अब भी पंजशीर में मौजूद हैं और तालिबान के खिलाफ जंग जारी है।श् इसके



अलावा उन्होंने अफगानिस्तान के लोगों से भी तालिबान के खिलाफ जंग में साथ आने की अपील की थी। इससे पहले तालिबान लड़ाकों की ओर से पंजशीर घाटी के गवर्नर हाउस पर तालिबानी झंडा फहराने का वीडियो सामने आया था। तालिबान का कहना है कि उन्होंने पंजशीर पर कब्जा जमा लिया है और अब लड़ाई को रोका नहीं जाएगा। तालिबान के मुताबिक अहमद मसूद ने उनसे सीजफायर और समझौते का प्रस्ताव रखा थाए जिसे उन्होंने खारिज कर दिया है।

इसके अलावा अहमद मसूद ने पंजशीर की जंग में पाकिस्तान के भी शामिल होने का आरोप लगाया है। मसूद ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से तालिबान को पंजशीर में मदद की जा रही है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की मदद से ही तालिबान ने उनके परिवार के सदस्यों की हत्या कर दी थी। टोलो न्यूज के मुताबिक अहमद मसूद ने कहाए श्सभी देश पंजशीर में पाकिस्तान की संलिप्तता के बारे में जानते हैंए लेकिन चुप हैं। पाकिस्तान ने पंजशीर में सीधे तौर पर अफगानियों पर हमला किया है।श्

यही नहीं तालिबान की ओर से पहले के मुकाबले खुद के बदले होने के दावे को भी मसूद ने खारिज किया। उन्होंने कहा कि तालिबान तनिक भी बदला नहीं है। उसकी बजाय वह और कट्टरए उत्पीड़न करने वालाए अतिवादी और हिंसक हो गया है। इससे पहले नेशनल रेजिस्टेंस फोर्स के फेसबुक पेज पर कहा गया था।